अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
NABH
CERTIFIED
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# विभाग और शिक्षा माफियाओं के 'गठबंधन' में फंसी आरटीई

- जिलेभर में कई बिना मान्यता तो कई यू-डायस बगैर संचालित हो रहे कॉन्वेंट विद्यालय
- कक्षाएं छिपाकर मैप्ड किए गए 464 शैक्षिक संस्थान, जिम्मेदारों की चुप्पी खड़े कर रही सवाल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** गरीब बच्चों के लिए बना निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 शिक्षा माफियाओं व बेसिक शिक्षा विभाग के 'गठबंधन' में फंस गया है। इस वजह से जनपद के कॉन्वेंट विद्यालयों में जरूरतमंदों के बच्चे शिक्षा नहीं ले पा रहे हैं।

कारण कुछ भी हो लेकिन जिले में आरटीई को धरातल पर पूरी तरह से नहीं उतारा गया है। इस वजह से हर साल हजारों जरूरतमंद इस योजना से वंचित हो जाते हैं। बिना मान्यता व यू-डायस कोड के सैकड़ों निजी स्कूल दुकानों की तरह संचालित हो रहे हैं। न तो जिम्मेदार इन पर कार्रवाई करते हैं और न ही अलाभांवित व दुर्बल वर्ग को आरटीई का लाभ दिला पाते हैं। जमीनी हकीकत को नजरअंदाज कर सरकारी योजना का लाभ उठाने के लिए हवाहवाई प्रचार जरूर करते हैं। बेसिक शिक्षा विभाग में आरटीई के तहत मैप्ड हुए 464 विद्यालय का आंकड़ा ही सवाल उठाने वाला है। कारण, जब 783 निजी विद्यालयों का यू-डायस जारी है तो मैप्ड 464 ही क्यों किए गए हैं। दूसरी ओर यह तो वह आंकड़े हैं जो बेसिक शिक्षा विभाग के हैं। बिना यू-डायस और मान्यता के संचालित स्कूलों पर जिम्मेदार पूरी तरह से चुप हैं। विद्यालयों में कक्षाएं छिपाकर भी जरूरतमंदों को आरटीई के लाभ से वंचित करने में भी महकमा शामिल है ऐसे आरोप भी लगते रहते हैं। ऐसा भी नहीं है कि इन सभी हकीकत से जिम्मेदार अनजान हैं। सवाल इसलिए खड़ा हो रहा है कि इसके बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस बारे में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि समय-समय पर बिना मान्यता के स्कूलों को लेकर अभियान चलता है। जिन स्कूलों ने आरटीई से बचने के लिए सीटों की संख्या या कक्षाएं छिपाई हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



तिर्वा के बचपन स्कूल में खड़े स्कूल वाहन। यहां प्रशासक खुद बीएसए हैं।

## इस तरह होता यू-डायस कोड

- कन्नौज। यू-डायस कोड की व्यवस्था शिक्षा मंत्रालय की ओर से है। इसे स्कूलों के लिए आधार कार्ड के रूप में भी जाना जाता है। यू-डायस कोड कुल 11 अंकों का होता है इसमें पहले दो अंक राज्य, अगले दो अंक जिले, फिर दो ब्लॉक व उसके बाद तीन अंक गांव या वार्ड के होते हैं। अंतिम दो अंक स्कूल को दर्शाते हैं।

## जानिए कुछ जरूरी आंकड़े

- 2883 स्कूलों के यू-डायस कोड कक्षा 01 से 12 तक के हैं।
- 1459 परिषदीय स्कूल व 1424 अन्य विद्यालय हैं।
- 783 निजी स्कूल बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन हैं।
- 39 सहायता प्राप्त व 388 विद्यालय डीआईओएस के अधीन हैं।
- 203 मदरसा हैं। 13 मदरसा सहायता प्राप्त हैं।
- 7000 से अधिक सीटें आरटीई में हैं।
- 500 बच्चों को भी पिछले वर्ष प्रवेश नहीं मिल सका था।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## न्यूज ब्रीफ

### खेत में बकरी चले जाने पर चले लाठी-डंडे, तीन घायल

**सौरिख।** खेत में बकरी चले जाने की शिकायत करने पर तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला पंजीकृत कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव भाउलपुर निवासी बाल गोविंद यादव पुत्र बेल सिंह ने बताया 7 फरवरी को शाम 5 बजे परिवार के रंजीत, संजीव, कल्लू पुत्रगण लालाराम व लालाराम पुत्र छोटेलाल खेत में बकरी चले जाने के कारण दरवाजे आकर गालीगलौज करने लगे। पत्नी अनीता देवी व भाई औसान सिंह बीचबचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट लिखी।

### शराब पीने लगे पति भड़की महिलाओं ने ठेके में की तोड़फोड़

**तिर्वा।** ग्रामीण महिलाओं ने शराब के ठेके में घुस कर तोड़फोड़ की। सेल्समैन की तहरीर पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। महिलाओं का आरोप है कि गांव के लोग शराब पीकर घर में उनके साथ मारपीट करते और पीने के लिए सामान तक बेच डालते हैं। सदर ब्लाक कन्नौज क्षेत्र के ग्राम गागेमऊ में सरकारी नलकूप के पास सरकारी देशी शराब की दुकान है। गांव की महिलाओं का आरोप है कि जबसे दुकान गांव के अंदर चल रही है तबसे आदमी शराब के लती हो गए है। शराब पीने के बाद रोजाना मारपीट करते हैं। शराबियों से परेशान होकर गांव की करीब 30-40 महिलाओं ने रविवार की दोपहर देशी शराब के ठेके पर जाकर सेल्समैन को खूब खरीखोटी सुनाई। ठेके के अंदर घुसकर तोड़फोड़ की तथा शराब की कई बोतलें तोड़ डालीं। ठेके के सेल्समैन नदसिया निवासी सूर्यकांत पुत्र बबलू कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर घटनाक्रम से अवगत कराया है।

# सड़क दुर्घटनाओं में किशोर समेत दो की मौत

## पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार किशोर और सराय दायमगंज में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की गई जान

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** ग्राम मटेना के पास तेज रफ्तार पिकअप ने साइकिल सवार दो किशोरों को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में एक की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। एक अन्य घटना में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की जान चली गई।

विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मिघौली निवासी राजमिस्त्री अशोक कुमार का 14 वर्षीय पुत्र जीतू 13 वर्षीय आशीष पुत्र मानसिंह के साथ साइकिल से ग्राम प्रेमपुर गया था। वहां से आटे की बोरी लेकर बापस घर लौटते समय ग्राम मटेना के पास सामने से आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद जीतू को मृत घोषित कर दिया, जबकि आशीष को प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी होते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता अशोक कुमार ने बताया कि जीतू इंद्रजीत शिक्षा सदन इंटर कॉलेज ज्योति मैनपुरी में कक्षा 9 का छात्र था।




दूसरी घटना में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर बनवारी निवासी राममिलन शर्मा का पुत्र आशीष शर्मा शनिवार को अपनी बहन को उसकी ससुराल कासगंज बाइक से छोड़ने के लिए गया था। रविवार को वहां से अकेले लौट रहा था। इस दौरान सराय दायमगंज के पास किसी वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में आशीष की मौत हो गई। मामले की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# सौरिख, तिर्वा में हुए हादसे, 9 घायल

- दो लोगों को हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर
- घायलों को एंबुलेंस की मदद से पहुंचाया गया अस्पताल

संवाददाता सौरिख/तिर्वा

**अमृत विचार।** अलग-अलग हुए सड़क हादसों में 9 लोग घायल हो गए। दो लोगों को गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर किया गया। सौरिख संवाददाता के अनुसार रविवार दोपहर थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी विवेक नायक पुत्र सोवरन नायक (18) अपने मित्र सचिन पुत्र भूरा नायक के साथ बाइक से सौरिख से घर जा रहा था। जैसे उसकी बाइक बहादुरपुर बम्बे की पुलिया के पास पहुंची तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना में दोनों घायल हो गए। एंबुलेंस की सहायता से सामुदायक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद विवेक को तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर किया गया। वही अमन पुत्र जयवीर (22) निवासी ईजलपुर रविवार सुबह 11 बजे अपने घर से सौरिख ई रिक्शा से आ रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने खानपुर के पास जोरदार टक्कर मार दी। घटना में अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल लाया गया जहां से मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर किया गया।

एक अन्य घटना में छिबरामऊ थाना क्षेत्र के गांव नददाह निवासी मोनू पुत्र रविन्द्र सिंह (19) रविवार को गांव से बाइक से सौरिख बाजार आ रहा था। तभी सर्विस रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। सौरिख अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद उसे घर भेज दिया। तिर्वा संवाददाता के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिजनापुर निवासी महेंद्र अपनी पत्नी उर्मिला को बाइक से लेकर तिर्वा आ रहा था। जब बाइक बछरज्जापुर के सामने पहुंची। तभी सामने मक्के की बोरी लाद कर ले जा रहे ई रिक्शा से टक्कर हो गई। इस घटना में दंपति सहित ई रिक्शा चालक अरुण कुमार पुत्र शेर सिंह निवासी ईजल पुर थाना सौरिख गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। एक अन्य दुर्घटना में जनपद औरैया के थाना बेला क्षेत्र के सुजान पुरवा गांव निवासी सुनील पुत्र छम्मीलाल गांव के ही साथी अजब सिंह पुत्र राम अवतार के साथ बाइक से मूंगफली का दाना लेने के लिए घर से नेकपुर गांव के लिए निकले थे। तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर बेहरिन गांव के सामने कट पर मुड़ने के लिए चालक ने अचानक बाइक रोक दी। तभी पीछे आ रही कार बाइक में जा टकराई। टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनो युवक उछल कर सड़क पर आ गिरे और घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि दोनों की हालत स्थिर है।



खाई के पास बैठा अजगर। अमृत विचार

# अजगर निकलने से लोगों में मचा हड़कंप

संवाददाता, खड़नी (कन्नौज)

**अमृत विचार।** अजगर निकलने से लोगों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते ग्रामीण का जमावड़ा लग गया। खड़नी क्षेत्र से निकली निचली गंग नहर के कंसुआ पुल के पास राहगीरों ने अजगर देखा। उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी। कंसुआ पुल के पास अजगर देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी है। खबर लिखे जाने तक वन विभाग का कोई भी कर्मचारी अजगर को पकड़ने नहीं पहुंचा जिससे कि ग्रामीणों में दहशत है।

### घर में घुस कर नकदी व जेवर लूटने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** गांव के दंपति ने तीन लोगों के सहयोग से घर में घुस कर तमंचा के बल पर रुपये व जेवरात लूट लिए। ग्राम जलेसर निवासी सुमन देवी पत्नी अखिलेश कुमार उर्फ पिंटू ने न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि चार दिसंबर 2025 की शाम 07 बजे वह घर में अकेली थी और परिजन शादी में गए थे। तभी गांव के ऊषा देवी, अनिल कुमार व ग्राम कटकैया निवासी शिव सिंह उर्फ जोधा अपने दो अज्ञात लोगों के साथ घर में घुस आए। तमंचा लगा कर घर में रखे 65 हजार रुपये, सोने का हार, तीन अंगूठी, पायल लूट ले गए। मना करने पर उसे लात घूसों व तमंचा की बट से मारपीट कर घायल कर दिया।

## हवाहवाई दावे



नगर पालिका परिषद की ओर से नालों की नियमित सफाई के दावे किए जाते हैं। हर साल अभियान भी चलता है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। यह दृश्य है पालिका क्षेत्र के सबसे बड़े नाले पाटा नाला का। हाजीगंज मोहल्ला से गुजर रहे पाटानाला में इस तरह गंदगी का अंबार है। यह स्वत: ही पालिका के दावों की पोल खोलने के लिए काफी है। खास बात यह कि इस गंदगी में पनपने वाले मच्छर संक्रामक रोगों का कारण बनते हैं। भले ही बरसात अभी दूर है लेकिन गर्मी के साथ ही मच्छरों का भी मौसम आने को है। • अमृत विचार

# लौट आई प्रेमी संग गई युवती तो मरने वाली आखिर कौन?

- ऋतुकला गांव के सामने हाईवे किनारे मिला था युवती का अधजला शव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** चार दिन पहले हाईवे किनारे युवती का शव मिलने के मामले में नया मोड़ आ गया है। शव को पुत्री का बताकर परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। कथित प्रेमी के खिलाफ तहरीर भी दे दी गई। आरोप लगे तो युवती रहस्यमय ढंग से वापस आ गई। इससे परिजन खुश हैं लेकिन पुलिस क मुश्किल बढ़ गई है। क्योंकि सवाल खड़ा हो गया कि जब युवती जीवित है तो मरने वाली कौन थी?।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव अहमदपुर रौनी से एक युवती बीते माह प्रेमी के साथ चली गई थी। परिजन उसे खोजते रहे। 20 दिन बाद भी कोई पता नहीं चला था। चार फरवरी की सुबह सदर कोतवाली क्षेत्र के ऋतुकला गांव के पास हाईवे के निकट एक युवती का अधजला शव मिला। बाद में पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने उसकी पहचान प्रेमी के साथ गई पुत्री के रूप में की थी। यही नहीं पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार भी कर दिया था। इसके बाद कथित प्रेमी के खिलाफ पुत्री की हत्या की तहरीर भी दी। इसकी जानकारी होने पर युवक पुत्री को लेकर कोतवाली पहुंच गया। तब परिजनों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उन्होंने कह दिया कि मृतका उनकी पुत्री नहीं थी। पुलिस की मुश्किल बढ़ गई कि आखिर जो शव मिला वह किसका था।

# कचरा प्रबंधन में बच्चों ने जीता 'विप्रो अर्थियन अवार्ड'

- प्राथमिक स्कूल फगुहा के नन्हे पर्यावरण मित्रों ने बिखेरी राष्ट्रीय मंच पर चमक
- विद्यालय ने पहले ही प्रयास में हासिल की उपलब्धि, काम के लिए अपने गांव को ही चुना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विकास खंड सदर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय फगुहा के नन्हे पर्यावरण मित्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरी है। कचरा प्रबंधन पर किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए इन विद्यार्थियों को सेंटर फॉर इनवायरमेंट एजूकेशन (सीईई) की ओर से आयोजित नेशनल अर्थियन रीजन अवार्ड के लिए चुना गया है। स्कूल ने पहले ही प्रयास में यह उपलब्धि हासिल की है।

विप्रो अर्थियन प्रोग्राम के तहत विद्यालय की टीम पीयूष, निश्चला, राशि, आर्यन और तान्या ने मार्गदर्शक शिक्षक शिशिर कुशवाहा के नेतृत्व में अपने ही गांव फगुहा के कचरा प्रबंधन को प्रोजेक्ट के रूप में चुना। बच्चों ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए गांव के विभिन्न क्षेत्रों से निकलने वाले कचरे का डेटा जुटाया, उसका वर्गीकरण किया और फिर उसके प्रभावी प्रबंधन के उपाय खोजे। शिक्षक ने बताया कि सिर्फ फाइलों तक सीमित न रहकर बच्चों ने धरातल पर बदलाव लाने के लिए काम किया। किसानों, सफाईकर्मियों और प्रधान के साथ साक्षात्कार किए। नुक्कड़ नाटक, रैली और स्लोगन के जरिए ग्रामीणों को जागरूक किया। कला और गीतों से ''कचरे से कंचन'' बनाने के तरीके सिखाए। शिक्षक शिशिर कुशवाहा ने बताया कि इस प्रोजेक्ट से बच्चों का प्रकृति के प्रति जुड़ाव बढ़ा है।

अब पूरे गांव ने कचरा न फैलाने और उसके पुनः उपयोग का संकल्प लिया है। बीएसए संदीप कुमार ने बच्चों के इस काम की सराहना की है। कहा है कि ऐसे प्रयास बच्चों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। बीईओ मधुलिका बाजपेई, प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने टीम को इस गौरवशाली उपलब्धि पर बधाई दी है।



प्राथमिक स्कूल फगुहा में कचरा प्रबंधन के लिए खोदे गए गड्ढे व डिब्बों में रखा अलग-अलग कूड़ा। अमृत विचार

## क्रिकेट

### अंकुर सिंह को मैन ऑफ द मैच का मिला पुरस्कार

# छिबरामऊ बार इलेवन ने रोमांचक मैच में कोर्ट टाइगर्स को हराया

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन छिबरामऊ के तत्वावधान में सेंट पॉल स्कूल के मैदान पर छिबरामऊ बार इलेवन और कोर्ट टाइगर्स इलेवन के बीच एक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह जनपद में बार और बेंच के बीच सामंजस्य से पहली बार ऐसा आयोजन था।

मैच से पहले विशिष्ट अतिथियों को बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। दोनों टीमों की जर्सी का अनावरण अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह राठौर और महासचिव ललित प्रताप सिंह ने किया। टॉस कोर्ट टाइगर्स इलेवन के कप्तान मान बहादुर ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 8 विकेट खोकर 116 रन बनाए। मनीष राजपूत ने 47 रनों की उपयोगी पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए छिबरामऊ बार इलेवन ने अंकुर सिंह के शानदार 54 रनों की मदद से 9 गेंद शेष रहते 121 रन बनाकर मैच जीत लिया। अपर सिविल जज अंकुश श्रीवास्तव ने अंकुर सिंह को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया। बेस्ट बल्लेबाज मनीष राजपूत, बेस्ट बॉलर मान बहादुर, बेस्ट फील्डर शुभम दुबे और फाइटर ऑफ द मैच मन मोहन को भी सम्मानित किया गया।

निष्पक्ष अंपायरिंग के लिए अनुराग और मेल्विन को, बेहतरीन स्कोरिंग के लिए कृष्णकांत व शफात को तथा उत्कृष्ट कमेंट्री के लिए प्रणव सक्सेना व गौरव अमर त्रिपाठी को अपूर्वा जी द्वारा सम्मान दिया गया। वहीं विजेता टीम को अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह राठौर व संजीव श्रीवास्तव ने मेडल दिए, जबकि उपविजेता टीम को महासचिव ललित प्रताप सिंह व रावेंद्र सिंह चौहान ने मेडल प्रदान किए। दोनों टीमों को ट्रॉफी विशिष्ट अतिथियों ने सौंपी। यह मैच बार और बेंच के बीच सद्भावना का प्रतीक बना।



ट्रॉफी के साथ मौजूद विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

# जमीन अधिग्रहण का दबाव बनाने में एडीएम, लेखपाल पर वाद दायर

- बीते दिनों किसान के मेडिकल स्टोर में डलवाया था ताला
- औद्योगिक गलियारा के लिये भूमि के बैनामा का डाला था दबाव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** ठठिया क्षेत्र के अलीपुर अहाना क्षेत्र में औद्योगिक गलियारा के लिये जबरन जमीन अधिग्रहण का दबाव बनाने के मामले में किसानों ने एडीएम व लेखपाल के खिलाफ अवमानना वाद दायर किया है।

औद्योगिक गलियारे के लिए जमीन का बैनामा न करने वाले किसानों ने अपर जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह और क्षेत्रीय लेखपाल अर्पित कटियार के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अवमानना वाद दायर किया है। उच्च न्यायालय ने इस वाद को स्वीकार करते हुए सुनवाई के लिए 10 फरवरी की तारीख तय की है। मामला ठठिया थाना क्षेत्र के के अलीपुर अहाना क्षेत्र से जुडा है। यहां जिला प्रशासन ने औद्योगिक गलियारे के लिए कुछ किसानों की भूमि का अधिग्रहण करने के बाद बैनामा भी करा लिया है। वहीं कई किसान अपनी भूमि देने को तैयार नहीं हैं। आरोप है कि कुछ दिन पहले एडीएम क्षेत्रीय लेखपाल के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों पर बैनामा करने के लिये दवाब बनाया। यही नहीं एक किसान के मेडिकल स्टोर पर ताला लगवाने की बात भी कही गई। यही नहीं संबंधित किसानों को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित करने की भी धमकी की बात कही गई। तीन किसानों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने किसान दिलशाद और शानू का शांतिभंग में चालान किया था। राजस्व टीम ने चरागाह की जमीन बताते हुए एक खेत में खड़ी गेहूं की फसल को भी जुतवा दिया था। इन कार्रवाई से नाराज किसान इरशाद खान, अहमदयार और मनोज कुमार ने हाईकोर्ट में वाद दायर कर न्याय की गुहार लगाई है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## न्यूज ब्रीफ

### दुर्घटना में युवक की मौत पर पत्नी ने लिखाई रिपोर्ट

**गुरसहायगंज।** सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से युवक की मौत में पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम इस्माईलपुर मोहल्ला शांति नगर निवासी मंजू बाथम पत्नी अशोक बाथम ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 01 फरवरी की शाम 06 बजे उसका पति सड़क पार कर दुकान से घरेलू सामान लेने जा रहा था। तभी छिबरामऊ की ओर जा रही बाइक के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी थी। इससे पति गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ने जाते समय मौत हो गई।

### युवक पर किशोरी को भगा ले जाने की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज।** एक ग्राम निवासी युवक ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 17 वर्षीय भांजी उसके घर पर रह कर पढ़ाई करती है। 05 फरवरी की सुबह लगभग 10 :30 बजे उसके स्कूल जाने के दौरान सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूदौली निवासी श्याम सिंह बहला फुसला कर भगा ले गया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### कार ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, तीन लोग घायल

**गुरसहायगंज।** मजदूरों को लेकर कोल्ड स्टोरेज जा रहे ईरिक्शा में कार ने टक्कर मार दी। इससे ईरिक्शा चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। रविवार की दोपहर लगभग 11.30 बजे मजदूरों को लेकर जा रहे ईरिक्शा में तिर्वा रोड स्थित ग्राम इंदिरा नगर के निकट कार के चालक ने टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा पलट गया। इससे ग्राम बनियानी निवासी ईरिक्शा चालक 52 वर्षीय चरन सिंह व उसमें सवार मोहल्ला गांधी नगर निवासी सुमित व अनुज गंभीर रूप से घायल हो गए। एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया।

### मामूली विवाद में पति ने पत्नी को पीटा

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र के भूसेरा गांव में एक पति ने मामूली बात पर अपनी पत्नी से मारपीट की। पीडिता महिला सावित्री ने इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पति-पत्नी के बीच खाना बनाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। इसी दौरान पति सुरेश ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की। महिला का आरोप है कि उसका पति अक्सर शराब पीकर उससे मारपीट करता है। पीडिता ने बताया कि आज भी शराब के नशे में पति ने मामूली बात पर उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद पीडिता महिला ने अपने मायके में भाई को फोन कर जानकारी दी। इसके बाद वह राजेपुर थाने पहुंची और पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि उन्हें महिला की तहरीर मिल गई है।

### दूध डेयरी संचालक व उसकी पत्नी के साथ लूट, रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद।** डेयरी संचालक रमेश कुमार पाठक व उनकी पत्नी के साथ मारपीट व लूट के मामले में पुलिस ने एक दर्जन से भी अधिक लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पीडित ने बताया कि वह दुग्ध डेयरी का संचालन करता है अक्सर बाहर आना-जाना लगा रहता है एवं उसके पास कैश रहता है। 29 जनवरी को पीड़ित कार से कानपुर से वापस आ रहा था रास्ते में पपियापुर के पास सुरेन्द्र उर्फ भूरा पुत्र सुहकू व रवि पुत्र पातीराम निवासी पपिहापुर, परमजीत उर्फ लामा पुत्र भोर सिंह व आकाश कश्यप पुत्र नदीश चन्द्र, करन पुत्र मोर सिंह निवासी पाल नगला, व अंकित मिश्रा निवासी आवास विकास, आनन्द कश्यप पुत्र निवासी निनौआ, सोनू उर्फ बिलड्या निवासी मसेनी व तीन चार अज्ञात व्यक्तियों ने अपहरण व लूट का प्रयास किया। आरोपी ने मोटर साइकिल से उसका पीछा करते हुए घर तक पहुंचे, घर से गाड़ी में रखे हुए 54 हजार रुपये लूट लिए और पीड़ित को खींचकर उसके घर से बाहर ले गए। विरोध करने पर पीड़ित की पत्नी अर्चना पाठक को मारा पीटा वह उसके कुंडल व चैन लूट ली और मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**नोट : फर्रुखाबाद की खबरें पेज 6 पर भी पढ़ें**

## मतदाता सूची सुधार और बजट में व्यापारियों की अनदेखी पर चर्चा

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** समाजवादी व्यापार सभा के जिला कार्यालय में हुई बैठक में मतदाता सूची सधार और बजट में व्यापारियों की अनदेखी पर चर्चा की गई है।

जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर की अध्यक्षता में हुई बैठक में फार्म नंबर 6-7 के संबंध में निर्णय लिया गया कि जिन योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, उनके वोट बनवाए जाएंगे। गलत या अयोग्य नामों को नियमानुसार कटवाया जाएगा। बजट पर चर्चा में पदाधिकारियों ने सरकार पर व्यापारी वर्ग की उपेक्षा का आरोप लगाया। मांग की गई कि व्यापारियों के हित में विशेष योजनाएं शीघ्र लागू की जाएं तथा उनके आर्थिक बोझ को कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर गोविंद यादव, अरविंद गुप्ता, विजेंद्र सिंह, अवनीश गुप्ता, बलराम, विपिन, अयान खान, रामू वर्मा, उज्ज्वल गुप्ता आदि मौजूद रहे।



चर्चा करते समाजवादी व्यापार सभा के लोग।

## सनातन संस्कृति की रक्षा को जुटा हिंदू समाज

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** आएसएस के शताब्दी वर्ष पर नगर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा, आएसएस व हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों सहित स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सनातन धर्म, संस्कृति व परंपरा की रक्षा करने व एकजुटता से जीवंत रखने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर तालियां बटोरीं।

रविवार को नगर के जीटी रोड स्थित रामजानकी मण्डपम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सकल हिंदू समाज के हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य संगठित हिंदू, संगठित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। आरएसएस के कानपुर प्रांत के बौद्धिक प्रमुख रमेश, संत नारदानंद महाराज, सीताराम महाराज, भंते शील सागर, सरदार बनवारी, राकेश चन्द्र वर्मा ने हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में संगठन की भूमिका पर अपने विचार रखे। मुख्य वक्ताओं ने जोर दिया कि एक संगठित समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव होता है। युवाओं से समाजसेवा, संस्कारों के संरक्षण और राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम के अंत में भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव को बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया गया। सम्मेलन के समापन अवसर पर समरसता भोज का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता रामकुमार पाठक व संचालन राकेश कौशल सबूल ने किया। इस दौरान देवेंद्र देव, जीतू तिवारी, मयंक गुप्ता, संजीव गुप्ता, ब्रजेश कौशल, जय प्रकाश दुबे, शैलेश कुमार, सुशील दुबे, राम विलास शर्मा, शशिकांत, ब्रजेश कुमार गुप्ता उर्फ रामू, गुप्ता, राकेश तिवारी, विजय दुबे, आलोक झा, जितेंद्र गुप्ता, शशिकांत, रविकांत, विकास गुप्ता, राज गुप्ता, संजीव चौहान, टीटू गुप्ता, परशुराम देवल, भूरा कठेरिया आदि मौजूद रहे।







हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते संत नारदानंद महाराज, आरएसएस के कानपुर प्रांत बौद्धिक प्रमुख रमेश। भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव को अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

# उपकेंद्रों की नहीं बढ़ी क्षमता गर्मियों में रुलायेगी बिजली

### लगातार बढ़ रहे उपभोक्ता, मकरंदनगर 132केवी ट्रांसमिशन सेंटर का भी हाल बेहाल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में विद्युत उपकेंद्रों व 132 केवी ट्रांसमिशन सेंटर की क्षमता वृद्धि न होने से इस वर्ष फिर बिजली गर्मियों में उपभोक्ताओं को रुलायेगी। गांव की बिजली लाइनों को तो दुरुस्त कर दिया गया पर क्षमता बढ़ाने पर ध्यान नहीं दिया गया।

जिले की बिजली व्यवस्था ठीक नहीं की गई है और गर्मी का मौसम आने वाला है। विभाग की लापरवाही से उपभोक्ताओं को समस्या का सामाना करना पड़ेगा। शासन ने दो वित्तीय वर्षों में जिले की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिये जमकर पैसे दिये। विभाग ने ठेका उठा कर जो काम प्रस्तावित किये गये थे उनको कराया। जहां बिजली की लाइनें जर्जर थीं वहां नई डाली गईं। जिन गांव में पोल लगने थे वहां लगा दिये गये।



शहर में अजयपाल फीडर से जुड़े ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते बिजली कर्मी।

कुछ को छोड़कर अधिकतर गांव में बिजली की लाइनें पूरी तरह से दुरुस्त कर दी गई हैं। जो गांव इन वित्तीय वर्षों में रह गये हैं उनको वित्तीय वर्ष 2026-27 में सुधारा जायेगा। बात विद्युत उपकेंद्रों की करें तो बीते दो वर्ष में इनकी क्षमता वृद्धि नहीं की गई है। यही हाल 132 केवी ट्रांसमिशन सेंटर मकरंदनगर का भी रहा है। यहां पर भी क्षमता नहीं बढ़ाई गई है। इसका परिणाम गर्मी के मौसम में देखने को मिलेगा। जब किसानों को मक्का की फसल की सिंचाई करने के लिये बिजली चाहिये तो उपकेंद्र सांसें भर रहे होंगे। ओवरलोडिंग से ट्रांसफार्मर न फुंके इसके लिए उपकेंद्रों पर बैठे एसएसओ सप्लाई घंटों काट देंगे। जब फसले सूखेंगी तो किसानों का बिजली दफ्तर पर हंगामा होगा। बीते वर्ष भी बिजली के अभाव में नलकूप न चल पाने से कई किसानों की फसलें सूख गई थीं। देखना यह है कि गर्मियों में जब कटौती को लेकर हाहाकार मची होगी उस समय बिजली विभाग क्या करेगा।

इस संबंध में एक्सईएन विद्युत मगन सिंह का कहना है कि जिले की बिजली व्यवस्था में सुधार किया गया है। बिजली चोरी रोकने के लिये लगातार छापेमारी की जा रही है। इससे गर्मी के मौसम में समस्या उत्पन्न नहीं होगी।



सीओपी कार्ड दिखाते अधिवक्ता। अमृत विचार

## बार एसोसिएशन मतदान के लिए सीओपी आवश्यक

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन चुनाव में मतदान के लिए सीओपी (सर्टीफिकेट ऑफ प्रैक्टिस) आवश्यक है। उधर प्रत्याशियों ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। 16 फरवरी को मतदान एवं 17 फरवरी को मतगणना होगी।

निर्वाचन आयोग की बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामचंद्र यादव ने बताया कि मतदान करने वाले वकील अपने साथ मतदाता सूची का क्रमांक तथा सीओपी कार्ड लेकर आएं। सीओपी कार्ड दिखाने पर ही मतदान कर सकेंगे। मतदाता बूथ पर रखे हुए लाल स्केच पेन से प्रत्याशी के सामने वाले कालम में सही का चिह्न लगाएं। मतदाता के अतिरिक्त एल्डर्स कमेटी के सदस्य, वर्तमान अध्यक्ष व महासचिव ही मतदान कक्ष में सहयोग के लिए आ सकते हैं। मतदान कक्ष में किसी मतदाता से वार्ता, वाद-विवाद या सलाह देना वर्जित है। बैठक में सहायक निर्वाचन अधिकारी राकेश दुबे, एसएमए रिजवी आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1996 को मिला उपचार

**कन्नौज।** जिले के 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 03 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस मौके पर 1996 मरीजों की जांच कर उपचार दिया गया।

निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण सेवाएँ, हेपेटाइटिस "बी" एवं "सी" की जांच, टीबी संभावित रोगियों की स्क्रीनिंग, नेत्र रोग परीक्षण तथा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड निर्माण जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की गईं। आयुष्मान भारत योजना के तहत 28 गोल्डन कार्ड बनाकर पात्र लाभार्थियों को वितरित किए गए। सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता के निर्देश पर नोडल अधिकारी आरोग्य स्वास्थ्य मेला डॉ. जितेन्द्र कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एवं समस्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारी प्राथमिक एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का भ्रमण करते रहे।

## आम आदमी के चेहरे पर मुस्कान लाने वाला बजट

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने कहा 2026 का केंद्रीय बजट सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी है 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर बनाया गया है। सांसद रविवार को भाजपा कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बजट में प्रत्येक वर्ग व्यापारी महिलाओं एवं गरीबों के लिए बनाया गया है। केंद्रीय सरकार ने आम आदमी के चेहरे पर मुस्कान लाने वाला बजट बनाकर ऐतिहासिक कार्य किया है इस बजट से नौकरी पेशा मध्यम वर्ग किसानों सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए व्यापक आर्थिक लाभ देने वाला बजट होगा। केंद्रीय बजट में गांव गरीब किसान युवा और महिलाओं की सशक्तिकरण के साथ-साथ तकनीकी रोजगार सृजन और विकास परियोजनाओं से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखकर इस बजट को बनाने का कार्य किया गया है। सरकार निरंतर कई वर्षों से भारत को आर्थिक रूप से सशक्तिकरण और रक्षा के क्षेत्र में मजबूत बनाने का कार्य कर रही है विश्व की आर्थिक मंदी के कारण भी बजट में आम नागरिकों के जन कल्याण ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं बजट आम आदमी के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा देश की प्रगति समृद्धि और स्थिरता का मजबूत आधार बनेगा।



जानकारी देते सांसद मुकेश राजपूत।

## समाजसेवी ने विवाह की 50वीं वर्षगांठ पर जरूरतमंद छात्राओं को दी साइकिलें

संवाददाता, कायमगंज

**अमृत विचार।** नगर के सीपी विद्या निकेतन स्कूल प्रांगण में स्कूल डायरेक्टर मिथलेश अग्रवाल ने अपनी 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर साइकिल वितरण करते हुए जरूरतमंद बच्चों को साइकिलें वितरित कीं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित कर उनका उत्साह बढाना था।

कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. मिथलेश अग्रवाल, समाज सेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल ने गरीब, बच्चों को साइकिल वितरित कर बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मेहनत से पढ़ाई करने और अपने जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। साइकिल पाकर सभी बच्चों के चेहरे पर खुशी भाव देखने को मिला। इस कार्यक्रम में स्कूल डायरेक्टर ने कहा, मैं अपनी पचासवीं शादी की सालगिरह को इस तरह से मनाना चाहती थी कि जिससे समाज में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आ सके। मैंने सोचा कि जरूरतमंद बच्चों को साइकिल देना एक अच्छा विचार होगा, जिससे वे अपने स्कूल और घर के बीच आसानी से आ-जा सकें।

विद्यालय परिवार व अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम में सी.पी.वी.एन. एवं सी.पी.वी.एन. इंटर कॉलेज के अध्यापक गण एवं नगर के कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें प्रधानाचार्य आर. के बाजपेई एवं योगेश चंद्र तिवारी, दीपक कुमार जैना, अमरदीप दीक्षित, अमर सिंह खटीक विश्व मोहिनी पांडे आदि।




साइकिल पाकर प्रसन्न बालिकाएं। अमृत विचार

## कार व बाइक की भिड़ंत में तीन महिलाओं समेत चार घायल

संवाददाता, कायमगंज

**अमृत विचार।** कायमगंज-अलीगंज मार्ग पर ढमढेरा गांव के पास रविवार को कार और बाइक के बीच भिड़ंत में तीन महिलाओं सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

एटा जनपद के थाना जैथरा के खिरिया खेड़ा गांव निवासी 26 वर्षीय शिवा अपनी मौसी 32 वर्षीय रीमा निवासी अमोघपुर अलीगंज, एटा को बाइक से दवा दिलाने कायमगंज आया था। दवा लेकर वापस लौटते समय ढमढेरा गांव के पास उनकी बाइक सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से टकरा गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि बाइक सवार शिवा और रीमा सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। वहीं, कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। कार में सवार 27 वर्षीय प्रियंका निवासी शमशाबाद और उनकी मां 50 वर्षीय अनीता निवासी इजौर भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्रियंका की गोद में मौजूद उनका बच्चा बाल-बाल बच गया। घायलों का अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद सभी की गंभीर हालत के चलते फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र के श्रंगीरामपुर निवासी राकेश यादव पुत्र श्यामल सिंह एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कमालगंज में पावर हाउस के निकट हुआ। सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और उन्हें कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गयाजहां उनका का प्राथमिक उपचार किया गया।

**हादसा टला** — चाइनीज मांझे के साथ फंसी पतंग को माना जा रहा तार टूटने का कारण

## रेलवे ट्रैक पर टूटकर गिरा हाई वोल्टेज तार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रविवार दोपहर मिशन चर्च ग्राउंड के पास रेलवे ट्रैक पर चाइनीज मांझे से बंधी पतंग रेलवे की हाई वोल्टेज विद्युत लाइन में फंस गई। तेज हवा के कारण पतंग काफी देर तक तारों में उलझी रही और इसी दौरान दोनों हाई वोल्टेज तार आपस में टकरा गए, जिससे जोरदार धमाका हुआ और एक तार टूटकर सीधे रेलवे ट्रैक पर आ गिरा। लोको पायलट अयोध्या प्रसाद के अनुसार, ट्रेन के आगे कुछ लड़कों द्वारा लाल झंडी दिखाए जाने के बाद ट्रेन को तत्काल रोका गया।

छपरा एक्सप्रेस दोपहर 2.30 बजे फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन से रवाना हुई थी। करीब 6 मिनट में ट्रेन लगभग एक किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी थी। मिशन चर्च ग्राउंड के पास रेलवे ट्रैक पर हाई-वोल्टेज तार में धमाका होने के बाद तार टूटने से लोगों ने लाल कपड़ा दिखाकर ट्रेन को रोक दिया, जिससे एक भीषण रेल हादसा टल गया। तार टूटकर ट्रैक पर लटकते ही अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद छपरा एक्सप्रेस करीब दो घंटे तक मौके पर खड़ी रही, जिससे कानपुर रूट पर लगभग दो घंटे तक रेल यातायात पूरी तरह बाधित रहा। यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में सुरक्षा कारणों से छपरा एक्सप्रेस को फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पर वापस किया गया। लोको पायलट अयोध्या प्रसाद ने बताया कि टूटा हुआ तार पटरी को छू रहा था, जिससे रेल पटरी पर कई स्थानों पर स्पॉट पड़ गए। सुरक्षा को देखते हुए ट्रेन को आगे ले जाना संभव नहीं था।

मामले की जानकारी मिलते ही रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि घटना के कारणों की विस्तृत जांच कराई जाएगी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चाइनीज मांझा फंसने के कारण तार आपस में भिड़े, जिससे ब्लास्ट हुआ।

उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ द्वारा चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग पर सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश जारी होने के बावजूद जिले में इस पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। फिलहाल रेलवे द्वारा ओएचई तार की मरम्मत कराने के साथ ही इस मामले की जांच भी की जा रही है कि पतंग कैसे तार में उलझी और सुरक्षा व्यवस्था में चूक कहां हुई।



टूटा हाई-वोल्टेज बिजली का तार व खड़ी छपरा एक्सप्रेस। अमृत विचार

## ट्रैक्टर से गिरकर युवक की थम गईं सांसें, दूसरा गंभीर घायल

संवाददाता, कायमगंज

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात्रि सडक़ हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना तब हुई जब तीन ग्रामीण कोल्ड स्टोरेज से आलू डालकर ट्रैक्टर से लौट रहे थे।



मुकेश।

जानकारी के अनुसार, नगला खुमारी निवासी मुकेश, अनेक और फूल सिंह कायमगंज कोल्ड स्टोरेज में आलू डालने गए थे। देर रात तीनों ट्रैक्टर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान मई हादीदादपुर और ज्योना के बीच मुकेश और अनेक ट्रैक्टर से गिर गए। परिजनों को सूचना मिलने पर दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने मुकेश को मृत घोषित कर दिया तथा अनेक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक मुकेश के भाई नीरज ने बताया कि तीसरा साथी फूल सिंह ट्रैक्टर चालक था। वह अस्पताल तक आया, लेकिन बाद में ट्रैक्टर लेकर वहां से चला गया। अस्पताल में भर्ती अनेक की जेब से देसी शराब के दो पौए मिलने के बाद यह आशंका जताई जा रही है कि तीनों ने अत्यधिक शराब का सेवन किया था। हालांकि, मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही सामने आएगी। अस्पताल प्रशासन ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। कस्बा चौकी इंचार्ज ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक मुकेश अपने पांच भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी किरन, एक बेटा और दो बेटियां हैं। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है।

## शादी से लौट रहे युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**फर्रुखाबाद।** शादी समारोह से घर लौट रहे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, पड़ोसी जनपद एटा के थाना नया गांव क्षेत्र अंतर्गत खर्सुलिया रामनगर गांव निवासी 24 वर्षीय रजत अपनी पत्नी रिंकी और दो बच्चों के साथ लखनऊ में एक शादी समारोह में शामिल होकर ट्रेन से कानपुर होते हुए फर्रुखाबाद लौट रहे थे। यात्रा के दौरान जब ट्रेन खुदागंज रेलवे स्टेशन पर रुकी, तो रजत लघुशंका के लिए ट्रेन से नीचे उतर गए।

इसी दौरान कासगंज की ओर से तेज रफ्तार आ रही दूसरी ट्रेन की चपेट में आने से रजत की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होते ही स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद पत्नी रिंकी ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## न्यूज ब्रीफ

### उद्योग व्यापार मंडल में राजेश बने जिला उपाध्यक्ष

**इटावा ।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला कार्यालय बाबा मॉल पर संगठन की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई जिसमें जिला अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता ,महामंत्री सदाशिव श्रीवास्तव ,जिला उपाध्यक्ष शिवनंदन भदौरिया, ,हर्षित पोरवाल, शिवकांत दुबे, रिंकू यादव एवं जिले के पदाधिकारी की सहमत से आज संगठन का विस्तार किया गया। इसमें शहर के प्रमुख व्यवसायी राजेश अग्रवाल को जिला उपाध्यक्ष ,आलोक गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष, जसवंत राजपूत को जिला मंत्री ,अनुग्रह पोरवाल युवा महामंत्री मंडल कानपुर, अंकुर अग्रवाल युवा कोषाध्यक्ष मंडल कानपुर, नवीन पोरवाल भरथना शहर उपाध्यक्ष युवा बने ।

### राशन डीलर का नहीं हो सका चयन

**महेवा ।** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत नगला शुक्ल में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राशन डीलर के चयन हेतु बुलाई गई ग्राम सभा की बैठक ग्राम प्रधान के मौजूद न रहने चलते रद्द हो गई । ग्राम सचिव नगला शुक्ल सुबी दुबे द्वारा गत 07 फरवरी को राशन डीलर के चयन हेतु बैठक बुलाई गई थी जिसमें खंड विकास अधिकारी द्वारा चयन के लिए पर्यवेक्षक के रूप में सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्र पाल सिंह भदौरिया तथा सहायक के रूप में ग्राम सचिव आदित्य सिंह चौहान ,इंद्र प्रताप सिंह ,गौरव यादव ,अवधेश सिंह , अनुष्का दुबे , सोनम कुशवाहा आदि को भेजा गया था अधिकारियों की टीम अपने निर्धारित समय पर पहुंच गई लेकिन ग्राम प्रधान चंद्र कांति तिवारी व उनके प्रतिनिधि रामवीर तिवारी बैठक से नदारद रहे। अध्यक्ष /ग्राम प्रधान की गैर मौजूदगी के चलते अधिकारियों ने बैठक को अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया ।

### चोरी की सबमर्सिबल सहित दो गिरफ्तार

**इटावा।** गांव बुलाकी पुरा निवासी आयुष यादव उर्फ सनी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि उसने खेत पर सिंचाई के लिए सबमर्सिबल मोटर लगवाई थी, 2/3 फरवरी की रात्रि को चोरों द्वारा मोटर चोरी कर ली गयी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी। थानाध्यक्ष बसरेहर सौरभ सिंह पुलिस बल के साथ कल्ला बाग तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी सूचना मिली कि सबमर्सिबल मोटर चोरी करने वाले व्यक्ति चम्पानेर तिराहे के पास खडे हैं। सूचना पर तत्काल बसरेहर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्राम बुलाकीपुर जाने वाले रास्ते से हिमांशू कुमार , प्रशान्त कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ग्राम बुलाकीपुर के पास एक खेत में ट्यूबवेल पर लगी सबमर्सिबल मोटर चोरी की थी जिसको हम दोनों ने कस्बा बसरेहर में एक दुकान पर बेचने के लिए रख दिया था। पुलिस ने चोरी की गई सबमर्सिबल मोटर को बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

### आरोग्य मेले में बुखार व खुजली के मरीज आये

**भरथना ।** क्षेत्र अंतर्गत पाली खुर्द गांव में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर रविवार को आयोजित आरोग्य मेला में मरीज़ कम संख्या में पहुंचे दोपहर एक बजे तक विभिन्न रोग से ग्रस्त 12 मरीज आए। जिसमें गांव के रामप्रकाश व शशि देवी क्रमश: कूल्हे व पैरों के दर्द की दवा लेने पहुंचे। पीएचसी में ड्यूटी पर तैनात डॉ राजेश कुमार ने बताया कि ज्यादातर मरीज बुखार व खुजली रोग से ग्रस्त आए। फार्मासिस्ट अश्विन व लैब टेक्नीशियन सौरभ कुमार आदि मौजूद रहे।

### पृथक औद्योगिक फीडर शुरू

**इटावा।** जसवंत नगर दक्षिणांचल विद्युत वितरण खंड द्वारा भारी व मध्यम उद्योगों को 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए पृथक औद्योगिक फीडर का शुभारंभ अधिशासी अभियंता कृष्ण कुमार व दीपक गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। उल्लेखनीय है कि जसवंतनगर क्षेत्र में उद्योगों को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता काफी समय से अनवरत रूप से प्रयासरत थे । श्री गुप्ता का इटावा रोड पर एक बड़ा राइस मिल है जो दिन भर में पावर ब्रेकडाउन के कारण विद्युत आपूर्ति दिन में केवल 15 से 16 घंटे ही रह जाती है । श्री गुप्ता ने अधीक्षण अभियंता इटावा , मुख्य अभियंता- कानपुर व शक्ति भवन लखनऊ जाकर विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें की तथा कई ज्ञापन भी दिए थे। वर्तमान अधीक्षण अभियंता ऋषभदेव व अधिशासी अभियंता कृष्णा कुमार ने व्यक्तिगत रूप से विशेष रुचि लेकर सीमित संसाधनों के बावजूद प्रथक फीडर बनवाकर उसे चालू करा दिया। इससे लोगों ने हर्ष जताया।

# प्रधान के भतीजे का शव पड़ा मिला

## शव के पास ही तमंचा भी मिला, सीने में गोली का निशान, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता ताखा इटावा

**अमृत विचार ।** ऊसराहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव कुईता सरैया में प्रधान के भतीजे का शव तालाब किनारे पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की मौत गोली लगने से हुई है और मौके पर एक तमंचा भी पड़ा मिला है। बताया जाता है युवक की एक दिन पहले ही गोद भराई की रस्म हुई थी। बताया जा रहा है कि इस शादी से युवक खुश नहीं था। इसलिए उसने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



घटना स्थल का निरीक्षण करती पुलिस व युवक की फोटो इनसेट । अमृत विचार

थाना क्षेत्र के कुइता सरैया गांव में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के प्रधान अजब सिंह के इकलौते भतीजे का शव तालाब के किनारे पड़ा मिला। मृतक की पहचान ओमबाबू कोरी उर्फ नीलू (30) पुत्र रामऔतार निवासी कुइता सरैया के रूप में हुई है। शव गांव से करीब पांच सौ मीटर दूर सरसई नावर ताखा मार्ग से लगभग दो सौ मीटर अंदर तालाब के किनारे पड़ा था। युवक के सीने में गोली लगी हुई थी, जबकि शव के पास एक तमंचा भी पड़ा हुआ मिला है। सुबह शौंच के लिए तालाब की ओर गए ग्रामीणों ने शव पड़ा देखा, जिसके बाद गांव में खबर फैलते ही हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष बलराज भाटी क्षेत्राधिकारी चकरनगर एंव अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीशचंद्र भी मौके पर पहुंच गए। परिजनो से पूछताछ में मामला आत्महत्या का पाया गया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि युवक की शादी आठ माह पहले कन्नौज जनपद में तय हुई थी। उस समय ओमबाबू ने लड़की देखने के बाद शादी करने से मना कर दिया। कुछ दिन बाद उसी लड़की से शादी करने के लिए कहने लगा। लेकिन परिजनों ने शादी औरैया जनपद में तय कर दी। एक दिन पहले ही औरैया में गोद भराई की रस्म हुई तो वहां भी जिस लडकी से शादी हो रही थी उसे भी पहले वाली जगह से शादी करने की बात लड़की को पता चल गई। इस बात को लेकर लड़के और लडकी के बीच कुछ कहासुनी भी हुई। लेकिन समझा बुझाकर मामला शांत कर दिया गया। रात मे नौ बजे लगभग सभी लोगों की गोद भराई की रस्म से घर वापसी हुई और सुबह ओमबाबू का शव खेत मे पड़ा मिला।

पिता रामऔतार ने पुलिस को बेटे द्वारा गोली मार कर आत्महत्या करने की लिखित सूचना दी है। लेकिन पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

**बकेवर।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर हीरो एजेंसी के समीप सर्विस रोड पर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई।

क्षेत्र के गांव सराय मिठ्ठे निवासी मोहम्मद शानू 31 बाइक से बाबरपुर से अपने घर सरायमिठ्ठे लौट रहा था। वह गलत दिशा से सर्विस रोड पर जा रहा था। बकेवर स्थित हीरो एजेंसी के पास उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे वह बाइक समेत रोड पर गिर गया और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही बकेवर हाईवे मोबाइल व थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस द्वारा घायल युवक को बकेवर के 50 शैय्या अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर सत्येन्द्र साहू ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के चचेरे भाई रवि राजा ने बताया कि शानू बाबरपुर से घर लौट रहा था, तभी यह हादसा हो गया।

# पति के समझाने से नाराज पत्नी ने फांसी लगा दी जान

संवाददाता ताखा इटावा

**अमृत विचार ।** ऊसराहार थाना क्षेत्र के ग्राम अहिवरनपुर गपचिया में रविवार को एक विवाहिता ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मृतका के पति शेर सिंह जाटव ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, जहां कमरे का गेट अंदर से बंद था और पंखे से साड़ी के फंदे पर पुष्पा देवी का शव लटका मिला। बाद में घाटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस ने शव को उतरवा कर पंचनामा भरा। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

विवाहिता की शादी वर्ष 2011 में हसुलिया मुरादगंज थाना अजीतमल में हुई थी। पुलिस के अनुसार मृतका के अपने छोटे देवर रामू के साथ संबंधों की जानकारी पिछले वर्ष पति को हुई थी, जिसके बाद रामू को बाहर भेज दिया गया था। 10 फरवरी को शेर सिंह के भाई आदेश की शादी है, जिसमें रामू भी दो दिन पहले घर आया था। शनिवार शाम को पति ने अपनी पत्नी को रामू से बातचीत न करने को समझाया था। इसी बात से वह नाराज हो गयी थी।

रविवार सुबह पति शादी का सामान लेने भरथना गया था। घर पर अकेली होने के बाद उसने कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का गेट तोड़कर फंदे शव को उतरवाकर फॉरेंसिक टीम को जांच के लिए सूचना दी। मौके पर जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। थानाध्यक्ष बलराज सिंह भाटी ने बताया कि प्रथमदृष्टया महिला के फंदा लगाने का कारण प्रेम प्रसंग और पति के समझाने से नाराज होकर आत्महत्या करने का है। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# गरीब, किसान, युवाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट : सरिता

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा है कि यह बजट प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट है। बजट गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग सबके सशक्तीकरण का रोड मैप है। भाजपा कार्यालय में आयोजित बजट चौपाल में सदर विधायक ने कहा कि बजट 2026-27 उत्तर प्रदेश के लिए विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला है। यह बजट राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग, कृषि और युवा विकास की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

उन्होंने कहा कि बजट में हाई-स्पीड रेल, रेल विस्तार, राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेसवे पर विशेष जोर दिया गया है। उत्तर प्रदेश को लॉजिस्टिक हब बनाने, कृषि में एआई तकनीक के उपयोग, जीवन



बजट चौपाल में मंचासीन सदर विधायक, जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

- भाजपा कार्यालय पर सदर विस. क्षेत्र की लगी बजट चौपाल

रक्षक दवाओं पर छूट, पर्यटन और रोजगार सृजन के साथ-साथ युवा एवं नई टेक्नोलॉजी के विकास पर भी जोर है। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैंसर की 17 जीवन रक्षक दवाओं पर लगने वाला टैक्स पूरी तरह माफ कर दिया है। बजट चौपाल को पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य व प्रेमदास कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष डा. रमाकांत शर्मा, अजय धाकरे, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता ने सम्बोधित किया। संचालन सतेंद्र राजपूत ने किया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी व प्रशांत राव चौबे, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, कृपा नारायण तिवारी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक चौबे, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, विमलेश शाक्य, आईटी संयोजक शरद तिवारी मौजूद रहे।

### नेचर वॉक में चिड़ियों की प्रजातियों के बारे में दी जानकारी

**इटावा।** सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर के तत्वावधान में नेचर वॉक का आयोजन केंद्रीय पौधशाला वन विभाग इटावा में किया गया।

नेचर वॉक का नेतृत्व डॉ. अत्री गुप्ता डॉ राजीव चौहान ,डॉ कमल कुमार कुशवाहा ने किया। डॉ राजीव चौहान महासचिव स्कॉन ने बताया कि नेचर वॉक का आयोजन प्रत्येक रविवार को अनवरत किया जा रहा है इसका मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को प्राकृतिक जैव विविधता के बारे में समझाना उसकी पहचान करना एवं उसका दैनिक जीवन में क्या महत्व है उसकी उपयोगिता जानना है। डॉ अत्री गुप्ता ने बताया कि आज नेचर वॉक के दौरान 55 पेड़ पौधों की प्रजातिया एवं चिड़ियों की 21 प्रजातिया देखने को मिली। आज के नेचर वॉक को सफल बनाने में वन विभाग स्टाफ एवं अर्जुन, दीक्षा,मुकेश, अरुण एवं अमित का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नसबंदी के लिये लोगों को जागरूक करें

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। डीएम ने ग्रामीण आशा के चयन और परिवार नियोजन के अंतर्गत महिला नसबंदी और पुरुष नसबंदी के लिए लोगों को जागरूक करने और जहां नसबंदी के केस कम है वहां सुधार लाने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि इंट्रा इंजेक्शन प्रोग्रेस के अवेयरनेस एजुकेशन पर काम करिए और पार्टनर एजेंसी से भी सहयोग लीजिए, उन्होंने संस्थागत प्रसवों के बारे में कहा है कि सरकारी अस्पताल में सेवा अच्छी और विश्वसनीय होगी तो वहां लोग जाएंगे वहां पर हाल ठीक-ठाक हो ओटी क्लीन हो और वहां पर अच्छी केयर हो और डिलीवरी रूम वार्ड साफ सुथरा होता तो वहां पर लोगों की संख्या बढ़ेगी।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम जिसमें विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र में शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति हो और इसमें प्रचार-प्रसार का भी काम करना चाहिए और जो भी डिफिशिएंसी है उसको दूर करें । उन्होंने कहा है कि जो भी आयुष्मान आरोग्य मंदिर हैं उनमें सभी जगह बिजली और पानी होना चाहिए । 5 से 10 साल के बच्चों को मिज़ल्स और रूबेला टीका लगवाने पर विशेष जोर दिया जाए सभी स्कूलों में वैक्सीन डे पर सभी बच्चों की उपस्थिति होनी चाहिए और वैक्सीन लगाने से पहले उनके पेरेंट्स को उसके बारे में बताना चाहिए। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, सीएमएस महिला, सीएमएस पुरुष सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बकेवर।** इटावा से औरैया की ओर जा रहे बाइक सवार को भरथना ओवरब्रिज के ऊपर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। राहगीरों ने एम्बुलेंस बुलाकर उसे 50शैय्या अस्पताल भिजवाया।

चौबिया थाना क्षेत्र के ग्राम बीना निवासी सूरज पाल सिंह का पुत्र रोहित कुमार रविवार को घर से बाइक पर सवार होकर औरैया जा रहा था जैसे ही वह बकेवर थाना क्षेत्र के आगरा कानपुर नेशनल हाईवे भरथना ओवरब्रिज के ऊपर पहुंचा कि उसी समय इटावा की ओर से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। राहगीरों ने एम्बुलेंस बुलाकर उसे 50शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया। वहां पर चिकित्सक ने गंभीर रूप से घायल बाइक सवार का इलाज किया और उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे रेफर कर दिया।

# शिक्षा के साथ बच्चों में संस्कार भी आवश्यक : शिवप्रसाद यादव

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार ।** बाबूराम सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय के प्रबंधक शिवप्रसाद यादव ने विद्यार्थियों को सफलता के मूल मंत्र बताए। उन्होंने कहा कि केवल शिक्षित होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों में अच्छे संस्कारों का होना भी उतना ही आवश्यक है।



शिवप्रसाद यादव ।

प्रबंधक यादव ने अभिभावकों को बच्चों के खान-पान और अत्यधिक मोबाइल फोन के उपयोग को लेकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बाजार में मिलने वाले अधिकांश खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन घर का बना भोजन करने और बाहर के खाद्य पदार्थों से दूरी बनाए रखने की शपथ भी दिलाई।

उन्होंने बच्चों में बढ़ती मोबाइल फोन की गलत आदतों पर चिंता जताते हुए कहा कि स्मार्टफोन बच्चों का ध्यान शिक्षा से भटकाता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को स्मार्टफोन न दें। प्रबंधक ने जानकारी दी कि नए शैक्षिक सत्र में विद्यालय में ई-लाइब्रेरी, विशाल कंप्यूटर लैब एवं डिजिटल बोर्ड जैसी आधुनिक शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बेनी राम पाल ने प्रबंधक शिवप्रसाद यादव का आभार व्यक्त किया।

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुई सीटेट की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** सीटीईटी परीक्षा 2026 ज़िले में 16 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुई।

सीटीईटी परीक्षा संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, एमनीव विज़न, ज्ञान स्थली इंटर कॉलेज, सेंट मेरी इंटर कॉलेज, नारायण कॉलेज ऑफ आर्ट्स,अर्चना मेमोरियल इंटर कॉलेज, थियोसोफीकल इंटर कॉलेज, सुदिति ग्लोबल इंटर कॉलेज, पान कुंवर इंटर कॉलेज, डिवाइन लाइट इंटर कॉलेज, एपीएस इंटर कॉलेज, एरिस्टोटल वर्ल्ड स्कूल, पुलिस मॉडर्न स्कूल, रेडवुड ग्लोबल इंटर कॉलेज एवं सेवन हिल्स इंटर कॉलेज में सफलतापूर्वक दो पालियों में कराई गई।

सीटीईटी परीक्षा के लिए जिले में कुल 11 हजार 934 परीक्षार्थियों ने



परीक्षा देकर परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

पंजीकरण करवाया था। परीक्षा के दोनों ही दिन सभी परीक्षा केंद्रों पर सुबह 7:30 बजे से परीक्षार्थियों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। प्रवेश द्वार पर पहचान पत्र की जांच मेटल डिटेक्टर से तलाशी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बाद ही परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया। जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं पर्यवेक्षकों की तैनाती सुनिश्चित की थी ताकि परीक्षा निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। पहली पाली में जूनियर स्तर की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:00 तक आयोजित हुई जबकि दूसरी पाली में प्राथमिक स्तर की परीक्षा संपन्न हुई। सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. आनंद ने बताया कि परीक्षा को सफल बनाने में डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल एवं एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव का पूर्ण सहयोग रहा। सीबीएसई के असिस्टेंट सेक्रेटरी रवींद्र कुमार, सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. आनंद ने भी सभी केंद्रों का निरीक्षण किया।

# वैन की टक्कर से हाईवे पार कर रहे वृद्ध की मौत

संवाददाता रनियां कानपुर देहात

**अमृत विचार ।** ड्यूटी समाप्त कर वापस घर लौट रहे एक फैक्ट्री कर्मी को हाईवे पर पैदल सड़क पार करते समय एक वैन ने टक्कर मार दी। घटना में फैक्ट्री कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए उसे मेडिकल कालेज भिजवाया वहां पर मौजूद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मूल रूप से सांभू भरथना इटावा निवासी महेश चंद्र उम्र करीब पैंसठ वर्ष राजेंद्रा चौराहे पर स्थित एक खाद्य तेल फैक्ट्री में काम करता था। वर्तमान समय में वो किशरवल रोड रनियां में एक किराए के मकान में रहता था। शनिवार को दिन की ड्यूटी समाप्त कर देर रात्रि वो किसी प्राइवेट सवारी से रनियां पहुंचा और पीएनबी बैंक के सामने पैदल सड़क पार कर रहा था कि तभी हाईवे पर एक तेज रफ्तार वैन ने उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। वैन का चालक गाड़ी मौके पर छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। वहां पर मौजूद डाक्टरों ने उसका निरीक्षण करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर घरवालों को मिली तो रोना पिटना मच गया।

पत्नी शिवदेवी, बच्चों सोनू, संदीप, सुधा, संगीता, सुधा, लक्ष्मी, का रो-रो कर बुरा हाल था। घटना के संबंध में इंस्पेक्टर रनियां शिवनारायण सिंह ने बताया कि वैन को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कराया गया है, एस आई सुरेन्द्र सिंह को पंचनामे के लिए भिजवाया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

आयोजन

## जेल वाले सैयद बाबा का सालाना उर्स कुल के साथ संपंन

# उर्स में दिखा गंगा-जमुनी संस्कृति का नजारा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** गंगा-जमुनी संस्कृति और सूफी सद्भाव की प्रतीक दरगाह हजरत नूर अली सैय्यद बाबा जेल वाले सैय्यद बाबा के दो दिवसीय 54 वें सालाना उर्स का कुल शरीफ के साथ समापन हो गया। उर्स में सभी धर्मों और समुदाय के लोगों की उपस्थिति ने इटावा की गंगा जमुनी संस्कृति और सद्भावना में चार चांद लगा दिए।

दरगाह जेल वाले सैयद बाबा कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद व सेकेट्री मोनू बशीर की देखरेख व सैयद एजाज हुसैन के संचालन में स्व. बशीर अहमद नियाजी मेवाती टोला द्वारा स्थापित उर्स कुल शरीफ के साथ शुरू हुआ। रात में दरगाह पर महफ़िले समां का आयोजन हुआ जिसमे कव्वाल सलीम



दरगाह पर पेश करने के लिए चादर ले जाते मोनू बशीर व कमेटी के लोग।

झंकार ग्वालियर, मतलूब नियाजी शमशाबाद जिला फर्रुखाबाद महफ़िले समां में अपने कलाम पेश किए। उर्स के दूसरे दिन मेवाती टोला स्थित बशीर अहमद नियाजी के आवास से पप्पू बशीर, मोनू बशीर, सोनू बशीर, जिम्मी बशीर की देखरेख में चादर उठी और काजी पैट्रोल पम्प, शास्त्री चौराहा होकर कचहरी वाले सैयद बाबा, मोतीझील वाले सैयद बाबा, भोलन शहीद होकर जेल वाले सैयद बाबा दरगाह पर पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने चादरें पेश कीं। इसके बाद महफ़िले समां का आयोजन हुआ और सुबह हजरत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा के कुल के साथ उर्स का शानदार समापन हुआ। उर्स के दोनों दिन कमेटी की ओर से उर्स में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था रही।

जेल वाले सैय्यद बाबा के सालाना उर्स में मुख्य अतिथि पत्रकार मसूद तैमूरी का दरगाह कमेटी की ओर से स्वागत किया। उर्स की सफलता में शुजा खान, फरदीन खान, इरशाद मेव आदि का सराहनीय योगदान रहा। उर्स में हाफिज मोहम्मद अहमद चिश्ती, हाफिज फैजान चिश्ती, हाजी गुडडू मंसूरी, खादिम अब्बास, राजू गुप्ता, संजू चौरसिया, संजीव तिवारी, प्रशांत शर्मा, अलंकार तिवारी, शावेज़ नक़वी, तसलीम मंसूरी एड., निहाल खान, इरशाद अहमद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# कार्यशाला में अनुदेशकों को दिया गया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** जन शिक्षण संस्थान में अनुदेशक की दक्षता व क्षमता विकसित करने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षक कार्यशाला का आयोजन कार्यालय पर किया गया। इस मौके पर वाइस चेयरपर्सन नमिता तिवारी, पूर्व निदेशक हरि नारायण बाजपेई एवं निदेशक रवीन्द्र चौहान ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण कर सत्र का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा ट्रेनिंग मेथोडोलॉजी, महिला स्वयं सहायता समूह और आर्थिक सशक्तिकरण, कम्युनिकेशन स्किल्स,बेसिक बैंकिंग और फाइनेंशियल जागरूकता,रोज़गार के अवसर और स्किल-आधारित आजीविका, प्रोफेशनल डेवलपमेंट,महिला सशक्तिकरण की कुंजी के रूप में आत्मनिर्भरता,डिजिटल साक्षरता विषयों पर आई अनुदेशकों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में लगभग 40 अनुदेशकों को कौशल विकास मिशन के जिला कौशल प्रबन्धक विवेक कुलश्रेष्ठ, जिला उद्योग केंद्र के जिला प्रबंधक विकास कुमार, जिला सेवायोजन विभाग के जिला सेवायोजन अधिकारी विकास मिश्रा, आसिफ़ खान, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय इटावा कार्यालय के यंग प्रोफेशनल एवं कैरियर काउंसलर दीपक सिंह एवं कौशल कुमार, सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा संचालित आरएसईटीआई के निदेशक अमित सिकरवार, महिला काउंसलर चित्रा परिहार, लीगल काउंसलर स्वेच्छा त्रिपाठी, मोटिवेशनल स्पीकर सुशांत सिंह, काउंसलर डिजिटल साक्षरता शिवम कश्यप, सामाजिक कार्यकर्ता जयशिव मिश्रा, हरि नारायण बाजपेई ने विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया।

### मंगेतर से विवाद के चलते युवती ने लगाई फांसी, मौत

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुरविया टोला में शादी से एक माह पूर्व युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती की 10 मार्च को शादी होनी थी।

परिजनों के मुताबिक युवती की शादी जिस युवक से तय हुई थी, उससे मोबाइल फोन पर किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। बातचीत के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि युवती परेशान हो गई। इसी तनाव में आकर उसने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन की जांच के बाद ही साफ हो पाएगा कि बातचीत में क्या कहा गया था। पीड़ित पिता का कहना है कि बेटी की आत्महत्या के बाद जब उन्होंने दूल्हे के परिजनों को फोन किया तो किसी ने भी फोन नहीं उठाया। इस बात से परिवार और ज्यादा आहत है।

## न्यूज ब्रीफ

### बौद्ध कथा एवं विशाल भंडारे का आयोजन

**ऐरवाकटरा/बिधूना ।** विकासखंड के रघुनाथपुर मंदिर के पास चल रही बौद्ध कथा का विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया।इस अवसर पर अहिंसा परमोधर्मा का संदेश देते हुए भगवान बुद्ध के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया। बौद्ध कथा का संदेश दूर-दूर तक पहुंचा और लोगों में विश्वास भावना की आवाज गूंज उठी। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद छका।इस मौके पर योगेंद्र शाक्य, मनीष शाक्य, अनुज शाक्य, ऋषभ आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे और उन्होंने भंडारे में भाग लिया।

### बेला में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**बेला (औरैया)।** बेला थाना क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित अशोक कुमार पुत्र रामचंद्र राजपूत ने थाना बेला में तहरीर देकर बताया कि 7 फरवरी 2026 की शाम करीब 4:45 बजे वह अपने पड़ोसी के दरवाजे पर बैठा था। तभी गांव के ही विकास राजपूत व नीरज राजपूत वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे पीड़ित के सिर में चोट आई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की।

### उम्मेद गांव के युवक का इंडियन नेवी में चयन

**अछल्दा।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम नगला उम्मेद के लिए यह गर्व का क्षण है, जब गांव का पहला युवक लक्ष्मण राजपूत पुत्र कृष्ण गोपाल राजपूत का चयन इंडियन नेवी में हुआ है। लक्ष्मण का चयन नेवी में एसएसआर (मार्कोर्स) पद पर हुआ है। उनकी प्रारंभिक ट्रेनिंग उड़ीसा में होगी। लक्ष्मण राजपूत के नेवी में चयन की खबर जैसे ही गांव में पहुंची, पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। गांव के लोगों ने उन्हें मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। इस दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सम्मान समारोह में माला ऋषि राजपूत, शिवम राजपूत, विकास राजपूत, ललित राजपूत, पुष्पेंद्र राजपूत, चंचल राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने लक्ष्मण की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### बाइक से गिरकर महिला गम्भीर घायल

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर-बदायूं मार्ग पर बाबूजी फैमिली ढाबा के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से उस पर सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक सवार मोहित अपनी मां मझिली और भांजी गौरी को लेकर बहन के घर जा रहा था। हादसे के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को कई बार फोन किया, लेकिन आधे घंटे तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। इस दौरान घायल महिला सड़क पर ही दर्द से तड़पती रही। महिला के मुंह और माथे पर गंभीर चोटें आई। एंबुलेंस सेवा के न पहुंचने पर लोगों में आक्रोश फैल गया। मामले की सूचना थाना पुलिस और 112 डायल सेवा को दी गई।

# वोटर लिस्ट से नाम कटने का आरोप निकला झूठा

## 20 अल्पसंख्यक मतदाताओं ने लिस्ट से नाम काटने का लगाया था आरोप

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)


मौके पर जांच करते एसडीएम निखिल राजपूत। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम छछूंद स्थित प्राथमिक विद्यालय में एक युवक पर लगभग 20 अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम फर्जी तरीके से प्रारूप-7 के माध्यम से वोटर लिस्ट से कटवाने का आरोप लगाया गया था। आरोप लगाने वाले मतदाताओं का कहना था कि उन्हें प्रारूप-7 (फॉर्म सेवन) की कोई जानकारी नहीं दी गई और धोखे से उनके हस्ताक्षर करवा लिए गए।

आरोप लगाने वालों में मुमताज अली, फातमा बेगम, जरीना बेगम, समीना बेगम, रियायत अली, खातून, रुकसाना, मुंशी, मदीना बेगम, नसीम मुहम्मद, सलमान मुहम्मद, रुबीना बेगम, मुहम्मद आदिल, हनीफ मुहम्मद सहित अन्य मतदाताओं के नाम बताए गए थे। मामले को लेकर ग्राम छछूंद के बीएलओ मोहित कुमार, सुपरवाइजर सत्यम गुप्ता एवं एईआरओ सौरभ कुमार ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि उनके द्वारा किसी भी मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से नहीं काटा गया है और न ही किसी प्रकार का फॉर्म-7 भरा गया है। इधर, सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के बाद उपजिलाधिकारी निखिल राजपूत प्राथमिक विद्यालय पहुंचे और मामले की स्थलीय जांच की। जांच के दौरान मतदाता सूची को मौके पर उपस्थित ग्रामीणों व संबंधित मतदाताओं के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि सभी संबंधित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में यथावत दर्ज हैं और अब तक किसी का भी फॉर्म-7 भरा ही नहीं गया है। जांच के बाद सभी मतदाता पूर्ण रूप से संतुष्ट नजर आए। उपजिलाधिकारी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर सीधे प्रशासन से संपर्क करने की अपील की।

### करंट से मजदूर की मौत के मामले में स्कूल मालिक पर रिपोर्ट

**फर्रुखाबाद।** बिजली के करंट से पुट्टी मजदूर की हुई मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की बहन की तहरीर पर पब्लिक स्कूल मालिक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

तहरीर में कांती देवी ग्राम भंगौरा थाना नबावगंज ने कहा कि उसका छोटा भाई रनवीर सिंह उम्र 40 साल पुत्र स्व. राजपालसिंह निवासी ग्राम सितौली मकानों में पुट्टी करने का काम करते थि । गत 5 फरवरी को मोहल्ला विकास नगर थानाकादरी गेट निवासी प्रबोध तिवारी रनवीर को अपने विकास नगर में अनाधिकृत रूप से चल रहे प्रेकलिंन पब्लिक स्कूल में पुट्टी के लिए ले गये और पुट्टी कराने हेतु स्कूल में ले गये जहां रनवीरसिंह को प्रवोध तिवारी ने स्कूल की तीसरी मंजिल पर पुट्टी करने के लिए भेजा मंगल यह नहीं बताया कि उस स्थान पर हाई वोल्टेज विद्युत लाइन चालू हालत में है जिससे हाईटेन्शन विधुत लाइन में चिपककर रनवीर सिंह की मौत हो गयी। प्रवोध तिवारी द्वारा रनवीरसिंह की मृत्यु की सूचना भी पीडित्ता को नहीं दी गई। प्रबोध तिवारी की घोर लापरवाही के कारण रनवीर की मृत्यु हुई है। पुलिस मुकदमा दर्जकर जांच शुरू कर दी।


मौके पर मौजूद लोगो की भीड़। अमृत विचार

# खाई में गिरी कार से दंपति व दो बच्चों को सुरक्षित निकाला

संवाददाता, दिबियापुर

**अमृत विचार।** समाधान पुरवा के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। कार में सवार दंपति और उनके दो मासूम बच्चे बाल-बाल बच गए। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एसपी आवास में मीडिया हुकिंग के लिए तैनात पुलिसकर्मी विष्णु ड्यूटी पर जा रहे थे। तभी उनकी नजर हादसे पर पड़ी। उन्होंने बिना देर किए आसपास मौजूद लोगों को एकत्र किया और तत्काल बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिसकर्मी विष्णु व स्थानीय लोगों की मदद से खाई में फंसी कार से महिला और छोटे बच्चों समेत सभी सवारों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बताया गया कि कार सवार राहुल कटियार अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ गेल गांव से सिकंदरपुर एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान अचानक कार असंतुलित होकर गहरे नाले में जा गिरी। हादसे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की।

### पुलिस ने काटे पांच हजार रुपये के चालान

**फर्रुखाबाद।** यातायात पुलिस ने बढ़पुर क्षेत्र में रविवार शाम को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। कादरीगेट थाना क्षेत्र के आवास विकास तिराहा पर चलाए गए इस अभियान के दौरान बिना सीट बेल्ट और हेलमेट के वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। कुल पांच हजार रुपये के चालान काटे गए।

अभियान में बिना सीट बेल्ट लगाए दो कार चालकों और बिना हेलमेट पहने तीन बाइक सवारों को रोका गया। इन सभी पांचों वाहन चालकों के चालान काटे गए। यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा यह वाहन चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि दो कार चालकों और तीन बाइक सवारों के कुल 5000 रुपये के चालान किए गए हैं। कुछ वाहन चालकों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया। प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में कार सवार बिना सीट बेल्ट, बाइक सवार बिना हेलमेट या बाइक पर तीन सवारी के साथ पाए जाते हैं, तो चालान के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।


कार्यक्रम के दौरान अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए। अमृत विचार

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

संवाददाता, बिधूना (औरैया)

**अमृत विचार।** नगर के अछल्दा रोड स्थित अमेरिकन किड्स विद्यालय में रविवार को वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के उप प्रबंधक विनीत यादव ने सभी अभिभावकों व बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर खेलकर प्रतियोगिता के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इससे बच्चों में विद्यालय के प्रति रुचि बनी रहती है। उन्होंने कहा आगे भी यथा सम्भव नवीनीकरण किया जायगा। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य भाविका सिंह ने स्वागत करते हुए मुख्य अतिथि को गुलदस्ता भेंट किया। सभी आये हुए अभिभावकों का स्वागत किया गया। इस मौके पर सरस्वती वंदना, वेलकम डांस, द्रोपती चीरहरण, राजस्थानी, महाराष्ट्री, हरियाणवी, बंगाली व कपल डांस, राधा-कृष्ण होली डांस आदि आयोजित हुए। इस श्रृंखला में मान्या दुबे ने सोलो डांस की सुंदर प्रस्तुति दी। खेल कूद के कई प्रतियोगिता में दादी, मम्मी-पापा रेस हुई जिसमें सभी अभिभावकों ने खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रैंड पेरेंट्स को प्रधानाचार्य भाविका सिंह ने शाल व माला पहना कर सम्मानित किया। सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रतिज्ञा यादव, अनामिका श्रीवास्ता, अस्था शर्मा, मेघा, चित्रांशी, सुरेश, विनीता आदि का विशेष सहयोग रहा।

### चार लोगों ने खाया विषाक्त पदार्थ, तीन गंभीर

**कायमगंज।** क्षेत्र में चार लोगों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे तीन की हालत गंभीर है। कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव कटिया निवासी जमालुद्दीन की 17 वर्षीय पुत्री आपदा कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगइया निवासी राम शंकर (23) व क्षेत्र के गांव मझोला निवासी भीम सेन (24) व कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव पथरा मई निवासी विजय (20) ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले गए।

### खाई में गिरी बस चालक-परिचालक हुए फरार

**फर्रुखाबाद।** शमशाबाद थाने के हजियापुर में दिल्ली से आ रही बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में बस में सवार करीब 20-25 यात्रियों को हल्की चोटें आईं। बस दिल्ली से कायमगंज होते हुए फर्रुखाबाद जा रही थी। बस का रंग रोडवेज बसों जैसा था इसमें लगभग 20 से 25 यात्री थे। हजियापुर के पास सामने से आ रहे एक वाहन को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित हो गई और खाई में उतर गई। इस दौरान चालक और परिचालक फरार हो गए।

# लगा फार्मर रजिस्ट्री कैंप, किया जागरूक

संवाददाता, अछल्दा

- अछल्दा ब्लॉक क्षेत्र की न्याय पंचायत भैंसोल में लगा शिविर


कैंप के दौरान मौजूद अधिकारी व किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र की न्याय पंचायत भैंसोल में शासन की मंशानुसार फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और अपनी-अपनी भूमि की रजिस्ट्री कराई।

रजिस्ट्री प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी ढंग से पूरा कराने के लिए राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। कैंप में नायब तहसीलदार हरि किशोर, लेखपाल रोहित कुमार और पंचायत सहायक अत्येंद्र कुमार ने किसानों को आवश्यक जानकारी दी और दस्तावेजों की जांच कर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराई। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि रजिस्ट्री से भूमि अभिलेख अद्यतन होंगे, जिससे भविष्य में विवाद की स्थिति से बचा जा सकेगा और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी।

किसानों ने कैंप के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि गांव स्तर पर रजिस्ट्री की सुविधा मिलने से समय और खर्च दोनों की बचत हुई है। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन किसानों की रजिस्ट्री किसी कारणवश नहीं हो सकी है, वे आवश्यक दस्तावेज पूरे कर आगामी कैंप में लाभ ले सकते हैं।

# स्कॉलरशिप परीक्षा में दिखा उत्साह

संवाददाता, बिधूना


परीक्षा देते परीक्षार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिधूना कस्बे के रैपिड ग्लोबल स्कूल में स्पर्धा स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 9वीं में सत्र 2026-27 के लिये प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के एक्जू डाय. अनुपम प्रताप सिंह भदौरिया ने बताया यह परीक्षा छात्रों की प्रतिभा को निखाने और उनके शैक्षिक सफर को नई ऊँचाई देने के उद्देश्य से आयोजित की गई है ।

इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के 340 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया तथा 322 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। प्रत्येक कक्षा से 3 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा। कहा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी का (90.1-100 प्रतिशत अंक) स्कूल रजिस्ट्रेशन शुल्क माफ, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं स्मार्ट वॉच , द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी का (81.1-90 प्रतिशत अंक) स्कूल रजिस्ट्रेशन शुल्क माफ, निःशुल्क पाठ्य पुस्तके एवं स्कूल ड्रेस व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थी का (75-80 प्रतिशत अंक) स्कूल रजिस्ट्रेशन शुल्क माफ, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं स्कूल बैग का पुरस्कार दिया जायेगा। एजुकेशन डाय. दीप्ती कमल राठौर, ने प्रतियोगिता में आये सभी विद्यार्थियों का विद्यालय में प्रवेश लेने पर रजिस्ट्रेशन शुल्क माफ किया जायेगा।

प्रधानाचार्य प्रशान्त दीक्षित ने आये हुए सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का स्वागत एवं अभार व्यक्त किया उन्होंने कहा विद्यालय गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार देने के लिए हमेशा प्रयासरत है।

# युवक ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, अमृतपुर

- अमृतपुर के पिथनापुर गांव का मामला

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पिथनापुर में रविवार सुबह संदीप पुत्र राजवीर ने नीम के पेड़ से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया।


संदीप की फाइल फोटो।

सूत्रों के अनुसार संदीप के मोबाइल फोन में एक युवती की फोटो मिली है, साथ ही आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक खाता पासबुक भी पाई गई है। इन तथ्यों के आधार पर मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होने की आशंका जताई जा रही है। मृतक की मां गायत्री देवी पत्नी स्व. राजवीर सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनका अविवाहित पुत्र संदीप (27) काफी समय से कासगंज जिले के गंजडुंडवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में वंदना पत्नी बबलू के यहां रहता था। इसी गांव में मेरी बेटी भी ब्याही हुई है।

बीते 7 फरवरी को बेटा घर पर आया था। अज्ञात कारणों के चलते उसने नीम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर एसआई कल्लू सिंह ने घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक का एक छोटा भाई शिवा भी है। अचानक हुई मौत से घर में मातम पसर गया।

## चौपाल

मिशन शक्ति के तहत किया गया जागरूक

# महिलाओं और किशोरियों को दी कानूनी जानकारी

संवाददाता, कुदरकोट (औरैया)



महिलाओं को जागरूक करते पुलिसकर्मी अमृत विचार

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत चलाए जा रहे अभियान में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को कुदरकोट थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कालाबोझ में पुलिस की ओर से चौपाल लगाई गई। जिसमें महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी गई।

समस्याओं के त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण के लिए ग्रामीणों से संवाद कर कर जागरूक किया। थानों की एंटी रोमियो टीमों के जरिए बाजारों, सार्वजनिक स्थलों पर जाकर बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम व उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से बताया गया। कुदरकोट थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने महिलाओं एवं किशोरी को कानूनी जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा देने व उनकी सुरक्षा के लिए प्रयासरत है। मिशन शक्ति के तहत गांव-गांव कैंप लगाकर जागरूक किया जा रहा है। कहा कि समस्या होने पर महिलाएं महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि की जानकारी दी। बताया कि अगर किसी भी महिला व बालिका को कोई शोहदा परेशान करता है तो वह इन नंबरों पर इसकी जानकारी महिला पुलिस व संबंधित थाना पुलिस को दे सकती हैं। शिकायत करने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाती है। महिलाएं अपनी समस्याओं को बताए और पुलिस की मदद लें। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन पर बैंक से संबंधित अकाउंट नंबर, आधार कार्ड या ओटीपी इत्यादि पूछ कर घटित हो रहे धोखाधड़ी के मामलों से बचने के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। इस मौके पर महिला आरक्षी किरन, महिला आरक्षी सरिता, आरक्षी अनवेश शर्मा, आरक्षी प्रेमवीर, आरक्षी अंशुल कुमार, ग्राम प्रधान कन्हैयालाल आदि रहे।

# हवन यज्ञ और भंडारे के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

संवाददाता, फफूंद (औरैया)


भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्लॉक भाग्यनगर के ग्राम केशमपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का विश्व शांति एवं सर्वकल्याण की कामना से समापन हुआ। कथा के समापन पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। भंडारे में सर्वप्रथम कन्याओं व संत महात्माओं को भोज कराकर व दक्षिणा देकर विदा किया। जिसके बाद भंडारा देर रात्रि तक चलता रहा। इस दौरान आचार्य पं प्रदीप मिश्रा ने कहा कि आत्मा को जन्म व मृत्यु के बंधन से मुक्त कराने के लिए भक्ति मार्ग से जुड़कर सत्कर्म करना होगा। हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मन वांछित फल प्रदान करते हैं। बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद्भागवत कथा से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथा के समापन पर यजमान परीक्षित श्यामदास गुप्ता उमाकांति गुप्ता व अन्य सदस्यों ने व्यासपीठ पर आरती की। कथा समापन पर भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर परीक्षित श्याम दास गुप्ता उमाकांति गुप्ता ,शैलेंद्र गुप्ता, सोनू, राज किशोर तिवारी, एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# पुलिस जीप पलटने से होमगार्ड की मौत, दरोगा गंभीर घायल

## बरौली खरका गांव में शव का पंचनामा भरकर लौटते समय उरई रोड पर हुआ हादसा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** उरई रोड पर चुरहा गांव के पास पुलिस की जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में जीप सवार एक होमगार्ड की मौत हो गई, जबकि एक दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गया।

रविवार दोपहर करीब तीन बजे चिकासी थाना पुलिस की जीप कस्बे से पोस्टमार्टम कराकर वापस थाने लौट रही थी। चुरहा गांव के पास अचानक सामने से एक बाइक सवार आ गया। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने आपातकालीन ब्रेक लगाया। जिससे तेज रफ्तार जीप असंतुलित होकर पलट गई। बताया जाता है कि जीप पहले दाहिनी ओर झुकी और फिर सड़क के दूसरी ओर पलट गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन का अगला हिस्सा और छत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में चिकासी थाने में तैनात होमगार्ड ब्रजेंद्र कुमार (55) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जीप में सवार सब इंस्पेक्टर मोहित (35) गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। घायल दरोगा को इलाज के लिए सीएचसी गोहांड में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक होमगार्ड के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की सूचना पर सीओ सरीला शाहरुख खान भी मौके पर पहंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल की।


हादसे में क्षतिग्रस्त पुलिस की जीप और मौके पर जुटे लोग। अमृत विचार

# ट्रेन से कटने पर दो धड़ों में बंट गया युवा किसान का शव

- रेलवे ट्रैक पार करते समय युवक ट्रेन की चपेट में आया
- घर से खेत जाते समय बांदा-कानपुर ट्रैक पर हुआ हादसा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में इचौली गांव के पास 25 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। वह घर से खेत जा रहा था, तभी रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के बांदा-कानपुर रेलवे ट्रैक पर गांव इचौली श्याम नाला पुल के पास खेत जा रहे नायक पुरवा निवासी श्यामलाल (25) पुत्र जयपाल निषाद की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना के बाद उसका शरीर दो हिस्सों में बंट गया। इचौली चौकी पुलिस मौके पर पहुंच कर शव की शिनाख्त की पहचान होने पर परिजनों को घटना की सूचना दी। नायक पुरवा निवासी रमेश ने बताया कि चचेरा भाई श्यामलाल गांव में मजदूरी और बलकट में खेत लेकर किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। शनिवार की शाम छह बजे वह घर से खेत पर जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद नहीं लौटा।

जैसे ही वह गांव से निकली रेलवे लाइन पर पहुंचकर उसे पार करने लगा, इसी बीच सामने से ट्रेन आ रही थी। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसके शरीर के चीथड़े उड़ गए। धड़ दो हिस्सों में बंट गया। मां की बचपन में ही मौत हो गई थी। पिता जयपाल की भी 5 साल पहले मृत्यु हो गई थी। वह अपने परिवार में सबसे बड़ा था। एक भाई और एक बहन है। अभी किसी की शादी नहीं हुई है। अब 19 वर्षीय बहन की शादी की जिम्मेदारी छोटे भाई पर आ गई है। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि युवक की ट्रेन से कटकर मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसे की जांच की जा रही है।


श्यामलाल निषाद।

## न्यूज ब्रीफ

### नौकरी के नाम पर बन गया बंधुआ मजदूर

**मौदहा।** कस्बे के उपरौस नई बस्ती निवासी शहनाज बानो पत्नी छोटे ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पुत्र चांद बाबू को बड़ा कसौड़ा निवासी सद्दाम कुरैशी ने सऊदी अरब में अच्छी नौकरी का लालच देकर भेजा था। जिसमें उसका लगभग दो लाख रुपये खर्च आया था। लेकिन उसके पुत्र को वहां पर बंधुआ मजदूर बनाकर गंदगी साफ करवाई जा रही है। इतना ही नहीं उसके पुत्र को खाना भी नहीं मिल रहा है। पीड़िता ने अपने पुत्र को वापस बुलाने और उक्त सद्दाम कुरैशी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

### विष्णु महायज्ञ शुरू यज्ञवेदी की परिक्रमा

**बिवांर।** कस्बे के महर्षि दयालदास बाबा के मंदिर के परिसर में विष्णु महायज्ञ का आयोजन शुक्रवार से शुरू हो गया। जिसमें आचार्य प्रसून शुक्ला मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ वेदी में आहुतियां दिलाने में लगे हुए हैं। ग्रामीण यज्ञ कुंड की परिक्रमा कर अपने जीवन को सफल बनाने में लगे हुए हैं। 14 फरवरी को यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ समापन होगा। 15 फरवरी को मंदिर परिसर से दोपहर से भोले शंकर की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जबकि 16 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। वहीं यज्ञ के साथ मेले का भी आयोजन हो रहा है। जिसमें लगे झूला गांव वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए है। साथ ही महिलाएं घर गृहस्थी का सामान खरीदारी कर रही है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिवक्ता शिवकुमार पाठक, पहलवान यादव, संतोष पाठक, भाकियू के महेश तिवारी, राजकुमार पाठक, गट्टू विश्वकर्मा, अजीत अनुरागी, भुवनेश सिंह, रघुवीर सिंह, रामशरण, हुनर सिंह यादव, वेद रत्न मिश्रा, चंद्रपाल यादव, अभिलाष सिंह सहित ग्रामीण तन मन से लगे हुए हैं।

### बबली मिश्रा बनीं ब्लाक अध्यक्ष

**सुमेरपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की गोष्ठी के पश्चात पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष दीपा तिवारी ने बताया कि बबली मिश्रा को सुमेरपुर ब्लॉक का अध्यक्ष, उमा शुक्ला को सुमेरपुर का नगर अध्यक्ष, प्रीति अवस्थी को ब्लॉक उपाध्यक्ष, अनामिका मिश्रा को ब्लॉक महामंत्री, सीमा तिवारी को नगर उपाध्यक्ष एवं रश्मि तिवारी को कुरारा ब्लॉक का प्रभारी बनाया गया है। इनके मनोनयन पर मौजूद मातृशक्ति ने हर्ष जताया।

### पुलिस टीम ने पत्रकार एकादश को हराया

**मौदहा।** पुलिस और पत्रकारों के बीच आपसी सौहार्द, समन्वय और सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को मैत्री क्रिकेट मैच नेशनल इंटर कॉलेज परिसर में का खेला गया। जिसमें मौदहा प्रेस क्लब टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। कोतवाली पुलिस टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 97 रन बनाए। पत्रकार टीम के सामने 98 रनों का लक्ष्य रखा। जिसके जवाब में पत्रकार टीम 72 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस मौके पर चेयरमैन राजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ, अरुण कुमार शुक्ला, मनोज त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह, सहित बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल रहे।

### ससुराल वालों पर उत्पीड़न की रिपोर्ट

**मौदहा।** कस्बे के रागौल निवासी सना पुत्री बल्लू ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी करीब तीन साल पहले कजियाना निवासी मोहम्मद उमर के साथ हुई थी। तभी से सास हाजरा, ससुर सहीद, सहित जेठ और जेठानियां उसके साथ कम दहेज़ को लेकर मारपीट करती थीं और कार की मांग करती थीं। इस बीच उसकी मां ने तीन लाख रुपये भी दे दिए थे, लेकिन उनकी मांग कम नहीं हुई और पिछले महीने उसे पीट कर तीन महीने की बच्ची छीन कर घर से निकाल दिया। तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों पर दहेज़ उत्पीड़न का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पति मोहम्मद उमर ने बताया कि वह लगभग तीन साल से जमीन नाम कराने का दबाव बना रही है, जिसमें उसके पिता का भी हाथ है। दो साल में लगभग सैकड़ों बार शिकायत कर चुकी है। बच्ची छीनने के बारे में बताया कि वह कोतवाली में दरोगा और पुलिस के सामने बच्ची फेंक कर गई थी, जिसका सीसीटीवी फुटेज पुलिस के पास है। पुलिस और न्यायालय से उम्मीद है। मामले की निष्पक्ष जांच होगी तो सब कुछ सामने आ जाएगा।

# पुलिस ने घर के सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर मांगी

अमृत विचार Follow UP

- गैंगरेप के आरोपी के घर से बंदूक के साथ जेवरात चोरी का मामला
- तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने चोरी की घटना की जांच शुरू की

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** लव जिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण का दबाव बनाने के मुख्य आरोपी के पैतृक आवास पर हुई चोरी की घटना के बाद पुलिस ने तहरीर मिलने पर जांच शुरू करते हुए आवास पर लगे सीसीटीवी की डीवीआर मांगी है। परिजन पुलिस को डीवीआर देने के लिए तैयार हो गए हैं। इससे सच सामने आएगा।

कस्बे में हुए लव जिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण के दबाव के मुख्य आरोपी अबान उर्फ अफान खान के पैतृक आवास में गत 4/5 फरवरी को चोरों ने घुसकर घर पर रखी लाइसेंस दोनाली बंदूक के साथ 20 तोला सोना एवं 300 ग्राम से अधिक चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए है। जानकारी होने पर आरोपी मौलाना खान की मां जेबुन्निसा ने चोरों के खिलाफ पुलिस को 7 फरवरी को तहरीर दी थी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू करते हुए मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर मांगी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि परिजन डीवीआर देने को तैयार हो गए। डीवीआर की जांच के बाद घटना की असलियत सामने आएगी।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**बिवांर।** ललपुरा क्षेत्र के भुजपुर गांव के भरोसे व बजेहटा गांव के शिववरन बिवांर थाने में दर्ज मुकदमे पर अदालत में हाजिर नहीं हो रहे थे। वारंट जारी होने पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# शौच के लिए गया बालक दलदल में फंसा, रस्सी से निकाला गया

- दादी के साथ बुआ की शादी में महोबा से आया था बालक
- सड़क के किनारे दलदल में पैर पड़ते ही धंसता चला गया

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के उरई रोड नहर के पास स्थित विवाह घर में अपनी दादी के साथ अपनी बुआ के विवाह में शामिल होने के लिए आया 9 वर्षीय एक बालक रविवार को सुबह शौच क्रिया के लिए जाते समय गहरे दलदल में फंस गया। जिसके बाद बालक के चीखने चिल्लाने और शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीणों ने रस्सी बांधकर रेस्क्यू करते हुए दलदल से बाहर निकाला।

महोबा के रामनगर का निवासी 9 वर्षीय बालक नितिन पुत्र जीतू बीती रात में कस्बे के उरई रोड पर स्थित नहर के पास एक विवाह घर में अपनी बुआ की शादी में शामिल होने के लिए अपनी दादी के साथ आया हुआ था। रविवार को वह विवाह घर के पास स्यावरी रोड पर शौच क्रिया के लिए चला गया। इसके बाद सड़क के किनारे दलदल में वह धंसता चला गया। दलदल में फंसने के दौरान बालक नितिन ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने पेड़ में और कमर में रस्सी बांधकर रेस्क्यू करते हुए दलदल से बाहर निकाला। मामले में कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि बालक को सकुशल सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है और उसे उसकी दादी के सुपुर्द कर दिया गया है।


दलदल में फंसा नितिन।

### खेत पर पड़ा मिला युवक का शव

**राठ।** चिकासी थाना क्षेत्र के बरौली गांव का दिनेश (30) पुत्र मइयादीन रविवार को गेहूं की सिंचाई कर रहा था, तभी उसकी मौत हो गई। परिजनों ने दिनेश का शव खेत पर पड़ा देखा तो उनके होश उड़ गये। परिजनों ने बताया कि दिनेश अपने पिता की 5 बीघा कृषि भूमि में खेती किसानी और मजदूरी आदि कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मौत से पत्नी देवकुंअर, पुत्र सोनू और मोनू सहित भाई भगवती के अलावा सभी परिजन रोते-बिलखते रहे। इस मामले में चिकासी थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

# विवाहिता का शव लटका मिला, हत्या का आरोप

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पिपरौंदा में नवविवाहिता ने शनिवार को साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। मृतका के भाई की शिकायत पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरौंदा निवासी अंकित तिवारी की पत्नी आशा देवी (24) ने शनिवार को रात करीब दस बजे घर में टीनशेड में लगी बल्ली में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पति अंकित घर के अंदर आया तो देखा कि पत्नी आशा साड़ी के फंदे में लटकी है, तो उसे आनन फानन में नीचे उतारा और देखा तो उसकी सांसें थम चुकी थी। वह चिल्ला कर रोने लगा। जिस पर उसके मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। इसके बाद पत्नी के मौत की सूचना अपनी ससुराल में दी। जहां से उसके भाई और परिजन आ गए। आशा देवी के मायके से आए उसके भाई विनय त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि बहन की हत्या की गई है। बताया कि दस बजे उसकी मौत हो गई थी, पर उन्हें सूचना 12 बजे दी जाती है और इतनी देर होने के बाद भी उन्होंने पुलिस को सूचना नही दी। कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्यवाही करेंगे। इस मामले में कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह का कहना है कि घटना की जांच कराई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शव का पोस्टमार्टम कराया है, रिपोर्ट आने के बाद सही कारणों का पता चलेगा।


आशा देवी।

# चार गरीब कन्याओं के हाथ हुए पीले

- इटैलिया बाजा गांव में अखंड चेतन कुटी समिति का आयोजन
- भागवत कथा के समापन पर भंडारे के साथ सामूहिक विवाह

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के इटैलिया बाजा गांव में अखंड चेतन कुटी समिति एवं गांव के जन सहयोग से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ। शनिवार को पूर्ण आहुति व भव्य भंडारे के साथ समापन हो गया।

श्रीमद भागवत कथा के समापन पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें गांव की असहाय व गरीब परिवार की कन्या पूनम ने अंकित अहिरवार राठ, आरती ने धीरू काशीपुरा कुठौंदा जिला जालौन, रजनी ने परम मूरत प्रजापति ओटा राठ और रीता ने पन्नालाल पासवान निवासी बसरिया मध्य प्रदेश को जयमाला डाल कर अपना जीवन साथी चुना। चारों नवविवाहित जोड़ों को घर-गृहस्थी और दान दहेज का सामान देकर विदा कर दिया गया। इस अवसर पर समाजसेवी व समिति के लोगों ने सभी विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान कर विदा किया।


सामूहिक विवाह में वर-वधू को आशीर्वाद देते आयोजक। अमृत विचार

### नवदंपति ने रोपा वटवृक्ष, बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

**सुमेरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या दो भगत सिंह नगर के निवासी नवदम्पत्ति ने गायत्री तपोभूमि के विरक्त आश्रम में बरगद का पौध रोपित कर के बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया। कस्बे के भगत सिंह नगर निवासी मनीष राज की शादी बीते 5 जनवरी को नदेहरा निवासी प्रीति के साथ हुई थी। रविवार को नवदम्पत्ति ने गायत्री तपोभूमि के विरक्त आश्रम में बरगद का पौधा रोपित कर के संरक्षित करने का संकल्प लिया। इसके बाद उन्होंने बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण समिति के संरक्षक मुनीर खान, अध्यक्ष संतोष कुशवाहा ग्रीन मैन, सचिव राजेश सहारा, विवेक चौहान, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, राखी शिवहरे, सिद्दीक अहमद, कुलदीप, सुनीता शिवहरे, अजय प्रजापति, पदमपति सिंघानिया, गौरव पांडे, नीरज साहू, अमरकांत, हरीशराज चक्रवर्ती, शिवकुमार, घनश्याम आदि लोग मौजूद रहे।

### चाकूबाजी में केस मुख्य आरोपी धरा

**मौदहा।** छेड़छाड़ के मामले को लेकर चाकूबाजी की घटना सामने आई थी। जिसमें पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

कस्बे की एक युवती के साथ शेखर यादव नामक युवक छेड़छाड़ करता था। इसको लेकर परिवार से झगड़ा भी हुआ था। रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार देर शाम शेखर यादव ने युवती के भाई पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसे सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया था। कानपुर में इलाज चल रहा है। कोतवाली के निकट हुई इस घटना से पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी शेखर यादव, राजा कुरैशी और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी शेखर यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

# कानून तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, सरीला/ मौदहा

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर एसडीएम व सीओ की अध्यक्षता में सरीला पुलिस चौकी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ ने कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

बैठक में एसडीएम बलराम गुप्ता ने नगर पंचायत के कर्मियों को नगर के जुलूस मार्ग से कूड़ा करकट, कंक्रीट, ईंट पत्थर हटा कर साफ सफाई के निर्देश दिए। जल संस्थान के कर्मियों को पानी के लिए टैंकर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने शिव बारात मार्ग व कार्यक्रम के बारे में शल्लेश्वर मंदिर व सांस्कृतिक समिति से जानकारी ली। लोगों ने शराब व मीट की दुकानें बंद करवाने की मांग की है। सीओ शाहरुख खान ने कहा कि कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वालों पर शख्त कार्रवाई होगी। शराब पीकर उत्पात मचाने और बाइक पर हुड़दंग करने वालों पर नजर रखी जाएगी व कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जरिया थाना प्रभारी दिनेश कुमार पाण्डेय, चौकी प्रभारी ईश्वर नारायण पांडेय सहित मंदिर समिति व सांस्कृतिक समिति के सदस्य, विद्युत विभाग, जल संस्थान, नगर पंचायत के कर्मी मौजूद रहे।

उधर, मौदहा कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह और क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें प्रशासन ने शिवरात्रि पर निकलने वाले पारंपरिक जुलूस और धार्मिक कार्यक्रमों की जानकारी ली। विशेष रूप से कस्बे के फत्तेपुर से निकलने वाले जुलूस की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयोजकों ने फत्तेपुर मंदिर परिसर का मुद्दा उठाया। उन्होंने शिकायत की कि मंदिर परिसर में कुछ लोगों ने कब्जा किया है, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा होती है। आयोजकों ने मांग की है कि इस अवैध कब्जे को पहले से ही हटाया जाए।


सरीला चौकी में पीस कमेटी की बैठक करते एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

# कलश यात्रा के साथ हिंदू सम्मेलन


राठ कस्बे में रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। अमृत विचार

**राठ (हमीरपुर)।** रविवार को कसबे राठ में सकल हिंदू समाज द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कलश यात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर पूरे नगर में भ्रमण करते हुए वापस रामलीला मैदान में समाप्त हुई।

आयोजन समिति ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू जागरण, सनातन संस्कृति के संरक्षण तथा सामाजिक एकता को मजबूत करना है। बताया कि समाज में ऊर्जा और चेतना का संचार करने के लिए यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। शोभायात्रा के दौरान सैकड़ों की तादाद में महिलाएं सिर पर मंगल कलश रखकर चल रही थी। कलश यात्रा के दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा की। इस मौके पर एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, कृष्ण कुमार गुप्ता बंटी, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष के जी अग्रवाल, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता, मनीष गौतम, सोमेंद्र सिंह परिहार, नीलेश अग्रवाल, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य मुरलीधर, श्याम सुंदर मुखिया समेत सैकड़ों की तादाद में लोग रहे।

नई पहल

## अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ने यूजीसी के नए प्रस्ताव का किया विरोध

# एक हाथ में माला और दूसरे हाथ में भाला लेने की नौबत

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में तपोभूमि में रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वावधान में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें एकजुटता के साथ यूजीसी के प्रस्ताव का तीखा विरोध किया गया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में संत, बुद्धिजीवी मातृशक्ति शामिल हुए।

मुख्य वक्ता संत राजेंद्र दास ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां सनातन संस्कृति को कमजोर करने की दिशा में बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि सनातन पर लगातार हो रहे प्रहारों के कारण संत समाज को अब शांत रहने के बजाय सजग और संगठित होना पड़ रहा है। संत राजेंद्र दास ने भावुक शब्दों में कहा कि "आज संतों को एक हाथ में माला और दूसरे हाथ में भाला लेने की मजबूरी पैदा हो गई है, ताकि सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा की जा सके।"

महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष दीपा तिवारी ने कहा कि यूजीसी के नाम पर लाई जा रही एकजुटता की व्यवस्था समाज की विविधता और परंपराओं के लिए खतरा है। इससे धार्मिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक पहचान प्रभावित हो सकती है। वक्ताओं ने सभी सनातन धर्मावलंबियों से एकजुट होकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराने का आह्वान किया। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सरकार से मांग की गई कि यूजीसी जैसे प्रस्तावों पर पुनर्विचार करे और सनातन संस्कृति की मूल भावना का सम्मान करें। इस मौके पर परिषद के संरक्षक अविनाश त्रिपाठी, नीरज मिश्रा, जिलाध्यक्ष कल्लू बाजपेई, बालजी पांडेय, आलोक अवस्थी, राखी पांडेय, जयप्रकाश त्रिपाठी, सुनील त्रिपाठी, अमित तिवारी, बबली मिश्रा आदि मौजूद रहे। संचालन रमाकांत शुक्ला एवं अम्बे मिश्रा ने किया।


कार्यक्रम में मौजूद परिषद से जुड़ी पदाधिकारी और महिलाएं। अमृत विचार



कार्यक्रम को संबोधित करतीं महिला जिलाध्यक्ष दीपा तिवारी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### दीपेश क्लब ने 12 रनों से हासिल की जीत

**बेलाताल।** अजनर के कुरेले मैदान पर अंडर-16 क्रिकेट सीरीज में दीपेश क्लब और मामा भांजे क्लब के बीच मुकाबला खेला गया, जिसे दीपेश क्लब ने 12 रनों से जीत लिया। मैच के अम्पायर धर्मेंद्र और युवराज ने दोनो टीम के कप्तानों को मैदान में बुलाकर टॉस कराया। मामा भांजे ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लेकर अपने खिलाडियों को फील्ड पर सजाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दीपेश क्लब के बल्लेबाजों ने निर्धारित आठ ओवरों में पांच विकेट खोकर 87 रन बना। लक्ष्य का पीछे करने उतरे मामा भांजे के बल्लेबाजों ने आखिरी बाल तक रन बनाने का प्रयास किया, लेकिन गेंदबाजों की बेहतर बॉलिंग के चलते पूरी टीम सात विकेट खोकर 75 रन ही बना सकी, जिससे दीपेश क्लब 12 रनों से मैच जीत गया। मैच के बाद बेहतर गेंदबाजी और बल्लेबाजी वाले खिलाड़ियों को आयोजकों ने सम्मानित किया। इस मैच में रोमियो बांस ने दर्शकों को हंसाते हुए कमेंट्री की, जबकि स्कोर प्रशांत ने लिखा।

### नशे से दूर रहने की दिलाई गई शपथ

**बेलाताल।** सीएचसी जैतपुर से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नाथूराम मुखिया पूर्व माध्यमिक विद्यालय अजनर में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण अभियान के अंतर्गत तंबाकू मुक्त युवा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में एक युद्ध नशे के विरुद्ध थीम के तहत विद्यार्थियों को तंबाकू व अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। स्वास्थ्य टीम ने बच्चों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि तंबाकू के सेवन से कैंसर, नपुंसकता, बांझपन सहित कई घातक बीमारियां हो सकती हैं। टीम ने बच्चों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य टीम के डॉ. पीएन शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और मुख्य चिकित्साधिकारी महोबा डॉ. आशाराम के निर्देशन पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. पवन राजपूत की देखरेख में किया गया। इस मौक पर डॉ. आकांक्षा सोनी, डॉ. अमित गंगेले एवं संगीता देवी के अलावा विद्यालय के शिक्षक सहित तमाम छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### सीएचओ ने अधीक्षक पर लगाया आरोप

**कुलपहाड़।** विकासखंड पनवाड़ी अंतर्गत ग्राम तेईया में आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में तैनात संविदा कर्मी सीएचओ ज्योति शर्मा ने अधीक्षक पर शोषण करने का आरोप लगाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस पर मौजूद अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवई की मांग की है। शिकायती पत्र में पीड़िता ने बताया कि 19 जनवरी 2026 को अचानक तबीयत खराब हो जाने के कारण सीएल पर जाने के लिए 20 जनवरी 2026 से मानव संपदा पोर्टल पर मेडिकल लीव का आवेदन किया और इसकी सूचना कई बार संबन्धित ग्रुप पर दी थी, लेकिन सुविधा शुल्क न देने पर अभद्रता करते हुए अपशब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने का आरोप लगाया है। बताया कि हड़ताल दौरान मेरे द्वारा जिले के कार्य किए जाने पर सीएमओ ने प्रशंसा भी की थी, बावजूद इसके अधीक्षक अभद्रता की और मेडिकल रिजेक्ट कर दिया। पीड़िता ने सम्बन्धित उच्च अधिकारियों से इस ओर संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई की मांग उठाई है।

# पेड़ से टकराई कार, तीन घायल

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- जिला अस्पताल में घायलों के लिए स्ट्रेचर नहीं मिलने पर परिजनों ने काटा हंगामा, रेफर किए गए

**अमृत विचार।** युवक अपने दोस्तों के साथ कार पर सवार होकर अपनी बहन की शादी का कार्ड बांटने जा रहा था, तभी रास्ते में कार पेड़ से टकरा गई, जिससे उसमें सवार तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। स्ट्रेचर न मिलने और प्राइवेट एम्बुलेंस से मरीज को रेफर करने पर परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा काटा। डाक्टरों और स्टाफ के समझाने के बाद मामला शांत हो सका। परिजनों के हंगामा काटे जाने का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो गया है।

चरखारी के गौरहारी गांव निवासी शिवम अपने दोस्तों मितेश और राजबहादुर के साथ 12 फरवरी को होने वाली अपनी बहन की शादी के कार्ड बांटने के लिए निकला था। इसी दौरान थाना श्रीनगर क्षेत्र के पवा गांव के पास उनकी तेज रफ्तार कार से चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई, जिससे कार सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को एम्बुलेंस की मदद से गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचा और किसी तरह उनके परिजनों को फोन करके घटना की सूचना दी। घायलों जिला अस्पताल पहुंचने के बाद परिजन और अन्य रिश्तेदार भी पहुंचे, लेकिन घायलों को वार्ड तक ले जाने के स्ट्रेचर की व्यवस्था न होने पर परिजनों ने हंगामा काटना और किसी तरह घायलों को इमरजेंसी वार्ड तक ले गए। डाक्टरों ने घायलों का उपचार शुरू किया और शिवम की हालत में सुधार न होने पर उसे मेडिकल कालेज झांसी ले जाने की बात कही। घायल के भाई आशीष और अन्य परिजनों ने आरोप लगाया कि एक दलाल ने सरकारी एम्बुलेंस की बजाय प्रावेट एम्बुलेंस लेने का दबाव बनाया और आठ हजार रुपये की मांग करने लगा, जिस पर सभी का गुस्सा सातवे आसमान पर पहुंच गया और शोर शाराबा मचाने लगे। आरोप है कि डाक्टरों और प्राइवेट एम्बुलेंस दलालों की सांठगांव के चलते दबाव बनाया जा रहा था। काफी देर तक हंगामे के बाद अन्य डाक्टरों व स्टाफ ने मामला शांत कराकर घायलों को रेफर किया।

# तीन दिन से नल सूखे, टैंकरों से जलापूर्ति

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- पाइप लाइन की शिफ्टिंग की वजह से पानी का संकट गहराया
- टैंकर के लिए टोल फ्री नंबर 1533 जारी किया गया



टैंकर से पानी भरते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्ग 34 के चौड़ीकरण कार्य के चलते उर्मिल बांध में निर्मित इंटेकवेल से श्रीनगर स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जाने वाली राइजिंगमेन 700 मिमी. डाया पीएसी पाइप लाइन में शिफ्टिंग कार्य के चलते शहर वासियों में पानी की किल्लत बढ़ गई है, जिसको देखते हुए नगर पालिका टैंकरों के माध्यम से आम जनमानस को पानी की आपूर्ति करने में लगा हुआ है।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि कानपुर-सागर राष्ट्रीय मार्ग पर फोरलेन सड़क निर्माण के चलते कैमाहा के समीप जलापूर्ति के लिए बिछी पाइप लाइन की शिफ्टिंग का कार्य तीव्र गति से चल रहा है, जिस कारण नगर में जलापूर्ति बीते तीन दिनों से ठप्प चल रही है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि आम जन मानस की सुविधा के लिए नगर पालिका परिषद की ओर से 10 टैंकरों के माध्यम से नगर में जलापूर्ति की जा रही है, जिससे नागरिकों को पेयजल संकट से न जूझना पड़े।

उन्होंने बताया कि नगर वासियों की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर 1533 जारी किया गया है, जिसके माध्यम से टैंकर भेजने की मांग लोग कर सकते हैं, जिस पर त्वरित टैंकर भेजकर जलापूर्ति का कार्य जा रहा है। अधिशासी अधिकारी ने नगरवासियों से अपील की है कि जलापूर्ति करने वाले टैंकरों को खड़ा न करवाएं, बल्कि पानी भरने के बाद टैंकरों को खाली कर दें, ताकि अन्य स्थानों पर भी जलापूर्ति की जा सके।

# 29 केंद्रों में कराई जाएंगी इंटर और हाईस्कूल की परीक्षाएं

## महोबा में 13, चरखारी में 5 और कुलपहाड़ तहसील में 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**12018** परीक्षार्थी हाईस्कूल में पंजीकृत

**9920** परीक्षार्थी इंटर की परीक्षा देंगे

- 8 फरवरी से परीक्षाएं कराने के लिए विभाग ने कसी कमर
- सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज बोर्ड की 18 फरवरी से संचालित हो रहीं हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परिक्षाओं की तैयारियां विभाग ने पूरी कर ली है। सभी परीक्षा केंद्रों में सीटिंग प्लान करने के निर्देश दिए गए हैं। डीआईओएस ने एक एक सेंटर में जाकर विद्यालयों की स्थिति, फर्नीचर और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले के सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। 18 फरवरी को सुबह 8:30 से 11:45 बजे और दूसरी पाली में 2 बजे से 5:15 बजे तक 29 केंद्रों में यूपी बोर्ड की परीक्षाएं कराई जाएंगी। शहर में 13, चरखारी में 5 और कुलपहाड़ में 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

वर्ष 2025-26 में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में इस दफा 21938 परीक्षार्थी सम्मिलत होंगे। नकलविहीन परीक्षाएं कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने कमर कस ली है। बोर्ड परीक्षा को लेकर विभाग काफी गंभीर है। इस साल हाईस्कूल में 6183 बालक और 5835 बालिका कुल 12018 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी तरह इंटरमीडिएट में 4938 बालक और 4982 बालिकाएं कुल 9920 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। फरवरी में बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने से छात्र-छात्राओं को पढ़ाई का समय कम मिल रहा है। परीक्षार्थी परीक्षाएं करीब होने से परीक्षा की तैयारी में जुटे हुए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि इस दफा जिले में कोई भी परीक्षा केंद्र संवेदनशील और अति संवेदनशील नहीं हैं। विद्यालयों का भ्रमण कर शिक्षा विभाग की टीम परीक्षा केंद्रों में फर्नीचर, बिजली, पंखे, पानी, रैंप आदि की व्यवस्थाओं को देखने में जुटी हुई है। समय से पूर्व ही सारी व्यवस्थाओं को पूरा करा लिया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद्र यादव ने बताया कि सभी विद्यालयों में फर्नीचरों की पर्याप्त व्यवस्था है। राजकीय बालिका इंटर कालेज जैतपुर में फर्नीचर की व्यवस्था न होने पर दूसरे विद्यालय से फर्नीचर की व्यवस्था करा दी गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र पूर्व में ही बना दिए गए है। अब बोर्ड परीक्षा की तैयारी को अंतिम रुप दिया जा चुका है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए जल्द ही सचल दल का गठन किया जाएगा।

### सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होंगी परीक्षाएं

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा सीसी टीम कैमरों की नजर में होगी। हर परिक्षार्थी की गतिविधियां सीसी टीवी कैमरे में कैद होगी, जिससे कोई भी परिक्षार्थी न तो नकल कर सकेगा और न ही इधर उधर ताक झांक कर सकेगे। डीआईओएस ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों में सीसी टीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिन केंद्रों पर सीसी टीवी कैमरों की व्यवस्था नहीं थी वहां पर भी सीसी टीवी कैमरों की व्यवस्था करा दी गई है, जिससे सभी परिक्षार्थी सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में बोर्ड परीक्षा दे सके।

### केंद्रों की निगरानी के लिए चार सचल दल गठित

बोर्ड परीक्षा नकलविहीन संपन्न कराने के लिए चार सचल दल बनाए गए हैं, जो परीक्षार्थियों पर नजर रखेंगे और नकल करते पाए जाने पर कार्रवाई करेंगे। यह सचल दल जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद्र यादव, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राहुल मिश्रा, वित्त लेखा माध्यमिक पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माडल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य के नेतृत्व में सचल दल परीक्षा केंद्र पर नजर रखेंगे।

### हाईवे किनारे पेड़ पर लटका मिला शव

**पनवाड़ी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना पनवाड़ी क्षेत्र में अज्ञात युवक का पेड़ पर शव लटका मिला। रविवार की सुबह राहगीरों की सूचना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फांसी पर लटके शव को नीचे उतारा और उसकी शिनाख्त के लिए तलाशी ली साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर रही है, लेकिन अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।

थाना पनवाड़ी क्षेत्र में हाईवे पर हरपालपुर झांसी के समीप वैंदो गांव मोड पर रविवार की सुबह एक पेड़ पर अज्ञात युवक का शव लटका देख लोगों में अफरा तफरी मच गई। शव की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों और राहगीरों की भीड़ एकत्र होने लगी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को अलग कराया और लोगों की मदद से पेड़ में लटके शव को नीचे उतारा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी ले गए, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित किया।

उपनिरीक्षक महेंद्र वर्मा के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने शिनाख्त के लिए मृतक के पहने हुए कपड़ों की तलाशी ली, लेकिन उसके पास से कुछ न निकलने के बाद आसपास के लोगों से शव के शिनाख्त के बावत जानकारी ली, बावजूद इसके मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस टीम मृतक की शिनाख्त में जुटी हुई है।


खाटू श्याम की पदयात्रा पर निकले अभिषेक शिवहरे। अमृत विचार

# पैदल यात्रा पर निकले अभिषेक का स्वागत

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- सपाइयों ने पनवाड़ी कस्बे में किया जोरदार स्वागत
- 720 किमी की यात्रा कर जाएंगे खाटूश्याम दरबार

**अमृत विचार।** सपा युवजन सभा के नगर सचिव अभिषेक शिवहरे ने विधानसभा चुनाव 2027 में समाजवादी की जीत और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने की कामना करते हुए खाटूश्याम दरबार राजस्थान की करीब 720 किमी की तक पैदल यात्रा कर रहे हैं। रविवार को पदयात्रा पनवाड़ी कस्बे से गुजरी, जहां सपाईयों ने उनका स्वागत किया और यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

पनवाड़ी के बाईपास मार्ग से गुजरी पैदल यात्रा दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्वागत कार्यक्रम आयोजित कर अभिषेक शिवहरे को फूल मालाओं से लादकर उनका भव्य स्वागत किय और उनकी इस यात्रा की सफलता की कामना की। इस दौरान सपाईयों के सपा जिंदाबाद अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे से माहौल में राजनीतिनुमा हो गया। सपा नेताओं ने कहा कि अभिषेक शिवहरे की यह पदयात्रा केवल धार्मिक नहीं है, बल्कि यह जनभावनाओं और राजनीतिक बदलाव की उम्मीद का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा दर्शाती है कि आमजन किस प्रकार लोकतंत्र और विश्वास को जोड़कर अपनी बात रख रहे हैं। यात्रा दौरान उनके हाथों में सपा का झंडा और धर्मध्वज है। इस पदयात्रा कर रहे सपा नेता का उत्साहवर्धन किया। अभिषेक शिवहरे का कहना है कि उनकी इस पदयात्रा का मुख्य लक्ष्य 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनवाना है।

# महिला की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

**अमृत विचार।** बुधौरा गांव में एक विवाहिता का शव मिलने पर भाई ने ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद मुकदमा दर्ज कर पति सहित तीन लोगों को जेल भेज दिया है।

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के ढड़ारी निवासी नरेश ने तहरीर में बताया कि बहन पुष्पा (28) का विवाह 4 मई 2024 को बुधौरा के अरविन्द अहिरवार के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद पति, ससुर और ननद दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। शनिवार की देर शाम बहन का गला दबाकर हत्या कर दी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि भाई नरेश की तहरीर के आधार पर पति अरविंद, ससुर भवानीदीन व ननद सुदामा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है। जिसकी विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड द्वारा की जा रही है।

### बाल विवाह बुराई ही नहीं, कानूनी अपराध

**महोबा।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बम्हौरी कला गांव में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। यहां बाल विवाह को एक सामाजिक बुराई एवं दंडनीय अपराध बताया।

चरखारी चौकी प्रभारी शिल्पी राजपूत ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नही बल्कि कानूनी अपराध भी है। बाल विवाह से बच्चों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 में बाल विवाह करने वाले वर-वधु के माता पिता, बाराती और पुरोहित पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

# झांसा दे युवक को बुलाया, मारपीट कर किया घायल

संवाददाता कार्यालय, महोबा


जिला अस्पताल में भर्ती घायल।

- तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू की

**अमृत विचार।** शहर के जिला स्पोर्ट स्टेडियम के समीप एक इलेक्ट्रीशियन को पंखे सुधरवाने का झांसा देकर कुछ लोगों ने बुलाया बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। आसपास के लोग घायल पड़े युवक को जिला अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने घायल को भर्ती कर उपचार किया। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर जांच शुरू कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शहर के मोहल्ला समदनगर गैस एजेंसी के समीप विक्रम निवास करता है, जो बिजली उपकरण सुधारने का काम कर परिवार का भरण पोषण करता है। बताया कि रविवार को उसके फोन पर एक काल आई, जिसमें एक युवक ने बताया कि उसे अपने घर के तीन पंखे नहीं चल रहे उसे ठीक कराना है। काम मंदा होने के कारण उसने पंखे सुधारने के लिए हामी भर दी और उसके कहने पर नई बस्ती से जिला स्टेडियम के पास तक पहुंच गया। बताया कि जहां पर पहले से घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने उस पर अचानक लाठी डंडों से हमला कर दिया।

विक्रम ने काफी बीच बचाव किया, लेकिन अचानक हुए इस हमले से वह खुद को बचा नहीं पाया और गंभीर रुप से घायल होकर जीमन पर गिर गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब तक हमलावर मौके से भाग गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायल के पिता ओमप्रकाश ने बताया कि उनके बेटे के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी गई है।

## धर्म-अध्यात्म

**कथावाचक ने कृष्ण-रुक्मणि विवाह और गोपी-उद्धव कथा का किया वर्णन**

# अभिमान रहित ज्ञान ही इंसान को बनाता महान

संवाददाता, अजनर (महोबा)


मुढ़ारी गांव के चौबे तालाब मंदिर में आयोजित भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

- अजनर की भागवत कथा में कृष्ण की लीला सुन भक्त भाव विभोर

**अमृत विचार।** जैतपुर विकासखंड के अजनर गांव में श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य अश्वनी शास्त्री ने कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया। कथा सुनकर श्रोता भक्ति भाव में लीन हो गए। कथा वाचक ने रविवार को कृष्ण और रुक्मणि विवाह, गोपी उद्धव प्रसंग का भक्तों को रसपान कराया।

कथा वाचक शास्त्री जी ने गोपी उद्धव कथा का सुनाते हुए कहा कि मन को निर्मल बनाने वाला माधुर्य एवं ऐश्वर्य कोटि का यह दिव्य संवाद ही गोपी उद्धव संवाद है और यह ब्रह्म से भगवान तक की यात्रा है। जब गोपियों को ज्ञात हुआ कि उद्धव भगवान श्रीकृष्ण का संदेश लेकर आए हैं, तो उन्होंने एकांत में मिलने पर उनसे श्याम सुन्दर का समाचार पूछा। उद्धव ने कुछ ज्ञान चर्चा की। कहा कि दिव्यातिदिव्य संवाद को श्रवण करने मात्र से हृदय शुद्ध, पवित्र एवं भगवान की भक्ति के रस से आप्लावित हो जाता है। गोपी उद्धव संवाद की सबसे बड़ी शिक्षा यही है कि अभिमान रहित ज्ञान और वह भी भक्ति युक्त हो, जिसे प्राप्त करने वाले सहज ही भगवान के अतिशय प्रिय बन जाते हैं। कथा व्यास ने रुक्मणि विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि रुक्मणि जी भगवान श्रीकृष्ण को मन ही मन अपना पति स्वीकार कर चुकी थीं, लेकिन उनके बड़े भाई रुक्मी भगवान श्रीकृष्ण से शत्रुता रखते थे और अपनी बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहा। रुक्मणि को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेश वाहक से श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। संदेश में उन्होंने बताया कि वह उनसे प्रेम करती हैं, लेकिन उनका विवाह शिशुपाल से तय हो गया है, यदि उनका विवाह श्रीकृष्ण से नहीं हुआ तो वह प्राण त्याग देंगी। तब भगवान श्रीकृष्ण ने विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचकर शिशुपाल व उसके मित्रों को युद्ध में पराजित किया और रुक्मिणी को द्वारका ले जाकर उनसे विवाह किया। यहां मुख्य यजमान मधुबाला आनंद सक्सेना सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

### भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**कुलपहाड़।** मुढारी गांव के चौबे तालाब मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा व हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में गांव के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के आयोजन में आयोजन सुबह से ही कार्य में जुट गए और दोपहर बाद मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और हवन पूजन के बाद भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया। भंडारे में भूपेंद्र राजपूत, प्रान सिंह यादव, करन सिंह राजपूत, देवेंद्र राजपूत, बब्लू रैकवार, जगन्नाथ राजपूत, मोनू राजपूत, राकेश यादव, रमाकांत तिवारी, देवेन्द्र राठौर, कंधीलाल रैकवार, रणधीर सिंह यादव एवं समस्त ग्रामवासियों ने अपना विशेष सहयोग कर भंडारे को सफल बनाया।

# युवाओं में जगाएं समाजसेवा की अलख

संवाददाता कार्यालय, महोबा


सत्संग में भजन प्रस्तुत करते गायक। अमृत विचार

- कबीर भक्तों ने सत्संग आयोजित कर संत कबीर को किया याद

**अमृत विचार।** संत कबीर सत्संग समिति की ओर से रविवार को शहर के कठकुलवापुरा कबीर आश्रम में सत्संग कार्यक्रम हुआ। शुरुआत कबीर वंदना से की गई। इसके बाद कबीरी भक्तों ने भजनों व दोहों के माध्यम से कबीर को याद किया। इस मौके पर समिति प्रमुख ने नैतिक शिक्षा के अभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं से समाजसेवा में सहयोग करने की अपील की।

समिति प्रमुख एवं साईं कालेज के प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी ने कहा कि आज नैतिक शिक्षा का युवाओं में अभाव एक गंभीर समस्या है, जिसके पीछे पश्चिमी संस्कृति का अंधानुकरण, सोशल मीडिया का नकारात्मक प्रभाव, संयुक्त परिवारों का विघटन, और शिक्षा प्रणाली में चरित्र निर्माण की अनदेखी मुख्य कारण हैं। भौतिकतावादी सोच और पारिवारिक संवाद की कमी ने युवाओं को बड़ों के प्रति सम्मान, ईमानदारी और सहानुभूति जैसे मूल्यों से दूर कर दिया है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए अपने गुरूजनों से नैतिक शिक्षा प्राप्त करके समाज सेवा करने पर जोर दिया साथ ही गुरूजन भी निस्वार्थ भाव शिष्यों को ऐसी प्रेरणा भरे कि वे समाज सेवा की आग्रिम पंक्ति पर खड़े नजर आएं। प्राचार्य ने तीन लोक नौ खंड में गुरू से बड़ा न कोय, कर्ता करै न कर सकै गुरू करै सब होय की विस्तार से व्याख्या की।

कबीर सत्संग में भजन गायक इंद्रजीत ने भजन सारहे तीरथ धाम आपके चरणो में है गुरूदेव प्रणाम भजन प्रस्तुत किया। पंडित जगदीश रिछारिया ने एक दिन खुलहै मन तेरी चोरी सुनाया। परमलाल विश्वकर्मा ने हे मैया यशोदा पलको का पलना, पवन गाये लोरी भजन प्रस्तुत किया। रामऔतार सैन ने कबीर भजन कब भजहौ सतनाम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पंडित आशाराम तिवारी ने ईसुरी रचित फाग लगत प्यारे रामा हमखां लगत प्यारे रामालाल सुनाया। कवि हरिश्चंद्र वर्मा ने पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण पर रचना सुनाई कि आंखे खोलो ए बुंदेलो, मन से जागो दिल से बोलो। पंडित अवधेश अवस्थी ने कबीर दोहा की विस्तार से व्याख्या की। इस मौके पर लखनलाल, पप्पू सैन, चंदन अनुरागी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक ओवरटेक करने में फिसली बाइक युवक की गई जान

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** ट्रक को ओवरटेक करते समय बाइक फिसलने से एक युवक की मौत हो गई। दुर्घटना रविवार शाम की है। जानकारी के मुताबिक, दिनेश पटेल (25) पुत्र जमुना प्रसाद पटेल निवासी माही थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज अपने दोस्त संदीप सिंह पुत्र गिरधर सिंह के साथ बाइक से बहन के घर रीवा जा रहा था। वह अपने साथ चावल आदि सामग्री की बोरी लिए था। बरगढ़–रीवा मार्ग पर जीवनदायनी अस्पताल के पास ईंटें लदी ट्रक को ओवरटेक करते समय बाइक फिसलने से दोनों गिर गए। दिनेश के ट्रक के नीचे आ जाने से मौत हो गई। संदीप को कोई चोट नहीं आई। उसने ही पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### अधिवक्ता पीयूष को चुना गया प्रांतीय चेयरमैन

**चित्रकूट।** कर्वी निवासी एडवोकेट पीयूष गोयल को उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन का प्रांतीय चेयरमैन चुना गया है। रविवार को महोबा में हुए चुनाव में सर्वसम्मति से उनको यह पद दिया गया। इस चयन पर उनके साथी अधिवक्ताओं ने खुशी जताई।

### पुलिस ने वारंटी आरोपी को किया गिरफ्तार

**मऊ (चित्रकूट)।** एसआई अभिषेक कुमार वर्मा ने आबकारी अधिनियम के वारंटी रामप्रकाश पुत्र रामखेलावन निषाद निवासी बौसड़ा को गिरफ्तार किया । पुलिस टीम में आरक्षी सोनपाल शामिल रहे।

### प्रचार-प्रसार में महापुरुषों को भी नहीं बख्श रहे

**कालपी जालौन।** प्रचार प्रसार की होड़ में राजनेताओं ने महापुरुषों को भी नहीं बख्शा। उन्होंने उनकी मूर्तियों के ऊपर ही लेखन कर दिया है। विधान सभा चुनाव में अभी एक वर्ष शेष है लेकिन विभिन्न राजनीतिक दलों के दावेदार सामने आने लगे हैं इसके लिए वह दीवार लेखन के साथ बैनर होर्डिंग भी लगा रहे हैं और दिखने के लिए वह ऐसी जगहों को चुन रहे हैं जहां से अधिक आवागमन हो इसी कड़ी में विभिन्न राजनीतिक दलों के विभिन्न राजनेताओं ने नगर के मुन्नाफुलपावर चौराहा को ज्यादा तवज्जो दी है, जिसके चलते वहा बैनर होर्डिंग के साथ दीवार लेखन भी काफी हुआ है। इसी कड़ी में एक दावेदार ने दो पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे कलाम के चित्र के ऊपर ही प्रचार लिखवा दिया हांलाकि वह कोई पहले नहीं हैं, जिन्होंने महापुरुष के चित्र को ढका हो बल्कि अन्य लोगों ने भी ऐसा किया है। नगर के जागरूक लोगों ने इसे महापुरुषों की शान के खिलाफ बताकर प्रशासन से प्रचार को हटाए जाने की मांग की है।

### युवा समाजसेवी ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर युवा समाजसेवी अनुज हनुमत ने जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को क्षेत्र के विकास और पर्यटन से जुड़ा मांगपत्र सौंपा। इसमें कुलदेवी आनंदी माता (मरवारिया देवी पहाड़) प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार, मंदिर में पेयजल सुविधा , सीढ़ियों की मरम्मत और सड़क मार्ग का निर्माण, मानिकपुर के ब्रिटिशकालीन थाने को शहीद स्थल का दर्जा देकर उसका विकास किए जाने की मांगें हैं।

### यज्ञ में डाली गईं आहुतियां

**जालौन।** श्रीवीरबालाजी हनुमान मंदिर देवनगर चौराहे पर आयोजित नवकुंडीय श्रीसीताराम महायज्ञ में दूसरे दिन यज्ञाचार्य ने आहूतियां दिलायी। मंदिर परिसर में चल रहे यज्ञ के दौरान सुबह मंत्रोच्चार व दोपहर में श्रीमद्भागवत कथा के चलते आसपास का माहौल भक्तिमय हो गया। उरई मार्ग स्थित श्रीवीरबालाजी हनुमान मंदिर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में रविवार की सुबह आयोजन की शुरुआत सुबह यज्ञ से हुई। यज्ञाचार्य पंडित अमित तिवारी ने प्रधान यजमान साधना, रूद्रप्रताप सिहं गुर्जर समेत नौ जोड़ों ने कुंडों पर बैठे भक्तों से विधि विधान से यज्ञ में आहूतियां दिलाईं और घर में सुख, समृद्धि एवं देश में सुख शांति के लिए प्रार्थना की। दोपहर में आरती के साथ यज्ञ की परिक्रमा की गई। श्रीराम संकीर्तन के उच्चारण से पंडाल व मंदिर के आसपास का माहौल भक्तिमय हो गया। दोपहर के बाद भगवताचार्य पंडित अंकित पचौरी ने श्रीमद्भागवत कथा के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि भगवान का नव विग्रह हर जीव का कल्याण कर सकता है।

# धार्मिक स्थल पर युवती से दुष्कर्म

## ग्रामीणों ने आरोपी की बाइक फूंकी, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में धार्मिक स्थल में दीप जलाने गई युवती से एक युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घरवालों और ग्रामीणों के पहुंचने पर युवक अपने कपड़े और बाइक छोड़कर भाग निकला। गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी की बाइक फूंक दी। पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वहीं पुलिस ने देररात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।


घटनास्थल के आसपास मौजूद पुलिसकर्मी। अमृत विचार

राजापुर थाना क्षेत्र के एक गांव के धार्मिक स्थल में शनिवार शाम लगभग सात बजे एक युवती दीपक जलाने पहुंची थी। वहां पर पहले से छिपकर बैठे आरोपी राजेश कुमार आरख पुत्र मोहनलाल ने वहीं उसे पकड़ लिया और बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता का कहना है कि उसकी बेटी जब धार्मिक स्थल के पीछे गई तो युवक ने उसे पकड़ लिया और हाथ और मुंह दुपट्टे से बांधकर दुराचार किया। देर तक बिटिया के घर न पहुंचने पर उसकी खोजबीन की गई। धार्मिक स्थल के पीछे आहट मिलने पर जब परिवारीजनों ने वहां जाकर देखा तो सन्न रह गए। परिवारीजनों के चिल्लाने पर आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। मौके पर खड़ी आरोपी की बाइक को ग्रामीणों ने आग के हवाले कर दिया। उधर, सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक लाखन सिंह भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पिता की तहरीर पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। युवती को मेडिकल के लिए भेजा जा रहा है। वहीं एएसपी सत्यपाल सिंह ने बताया कि युवती से दुराचार के आरोपी राजेश कुमार को डुडैली मोड़ के पास गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


आरोपी युवक की फूंकी गई बाइक।

### गांव में पीएसी तैनात आरोपी की तलाश जारी

- थाना प्रभारी ने बताया कि गांव में सुरक्षा के मद्देनजर पीएसी और थानों का पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है। आरोपी की तलाश में चार टीमें बनाई गई हैं। जल्द ही उसे दबोच लिया जाएगा। पुलिस अधिकारी लगातार गश्त कर रहे हैं और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहे हैं।

# स्वामी ब्रह्मानंद लोधी व कल्याण सिंह के नाम पर बनेगा प्रवेश द्वार

संवाददाता कुसमिलिया जालौन

**अमृत विचार।** स्वामी ब्रह्मानंद लोधी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह बाबू जी की स्मृति में मुहाना के बेतवा पुल पर 49 लाख रुपये की लागत से प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। इसके लिए रविवार को सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने भूमि पूजन किया।


स्वामी ब्रह्मानंद लोधी कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते आयोजक।

कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने सबसे पहले स्वामी ब्रम्हानंद लोधी जी को याद करते हुए बताया कि स्वामी जी सांसद रहते हुए स्वामी जी ने जो आदर्श स्थापित किए, वे आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा, स्वामी जी ने अपने कार्यकाल में कभी भी धन-संपत्ति को हाथ तक नहीं लगाया। वे स्वयं भोजन नहीं बनाते थे, जो भी भोजन कहीं से मिल जाए, उसे स्वीकार कर लेते थे। वे पूर्ण रूप से तपस्वी और समाजहित में समर्पित थे। विधायक ने बताया कि स्वामी जी ने राठ क्षेत्र में लगभग 3000 एकड़ भूमि पर एक महाविद्यालय की स्थापना कर शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किया। अपने संबोधन में स्वर्गीय कल्याण सिंह के जीवन, संघर्ष और राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कल्याण सिंह को उत्तर प्रदेश की राजनीति का मजबूत स्तंभ बताया । इसी दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को याद करते हुए कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यकाल में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, ग्रामीण विकास, सड़क निर्माण और प्रशासनिक सुधारों पर विशेष ध्यान दिया गया था। उन्होंने कल्याण सिंह के जीवन को सादगी, साहस और दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताया, जो आज भी जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणास्रोत है । इसलिए उन लोगों की स्मृति में रखने के लिए ही प्रवेश द्वार का निर्माण विधायक निधि के द्वारा कराया जा रहा है। इस मौके पर मनोज राजपूत, करन राजपूत, ज्ञानेंद्र राजपूत, वीरेंद्र राजपूत, शैलेन्द्र राजपूत, जाहर राजपूत, दयाशंकर राजपूत कुठौंदा, बृजमोहन, सभासद मंजू राजपूत सहित कई भाजपा नेता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# खेलकूद में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का ग्रामोदय महोत्सव सोमवार से धूमधाम से शुरू हो गया। पहले दिन वालीबाल और कबड्डी प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने अपना दमखम दिखाया।

पांच दिवसीय महोत्सव की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संस्थापक कुलाधिपति भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। मुख्य संयोजक प्रो. नंदलाल मिश्रा ने कहा कि समारोह में खेलकूद, बौद्धिक, सांस्कृतिक, ललितकला प्रतियोगिताएं होंगी। सहसंयोजक प्रो ललित कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामोदय व्याख्यानमाला, कृषि गोष्ठी एवं समसामयिक विषयों पर चर्चा सत्र आयोजित किए जाएंगे। ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित गतिविधियों पर केंद्रित प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। पहले दिन खेल परिसर में वालीबाल और कबड्डी की अंतरसंकायी प्रतियोगिताएं हुई। इनका संयोजन खेल अधिकारी डा. विनोद कुमार सिंह ने किया। खेल प्रतियोगिता में डा. विजय सिंह, डा. धनंजय सिंह सहित छात्र छात्राओं ने पूरे हर्ष और उल्लास के साथ सहभागिता की।


वालीबाल खेलते विद्यार्थी। अमृत विचार

# हिंदू समाज की एकता पर दिया गया जोर

संवाददाता कालपी जालौन

- कालपी में 'विराट हिन्दू सम्मेलन' का हुआ भव्य आयोजन

**अमृत विचार।** कालपी नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में रविवार को 'विराट हिन्दू सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में नगर के सैकड़ों गणमान्य नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पूरा सभागार देशभक्ति नारों और जयघोषों से गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भागवताचार्य राम श्याम महाराज ने की। संचालन सुवोध द्विवेदी ने किया।


मंच पर मौजूद पदाधिकारी तथा बोलते वक्ता। अमृत विचार

मुख्य अतिथि के रूप में ओमनारायण विभाग सह संघ चालक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में आशुतोष नागाइच प्रवक्ता, एमएसवीआईसी ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने अपने संबोधन में समाज की एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और संगठन की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की मजबूती उसके संस्कारों, परंपराओं और आपसी सहयोग में निहित होती है। युवाओं से आह्वान किया गया कि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा दें। सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवाओं की उपस्थिति रही। सभागार खचाखच भरा हुआ दिखाई दिया । उपस्थित लोगों ने वक्ताओं के विचारों का समर्थन करते हुए कई बार तालियों से स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मंच पर महापुरुषों एवं धार्मिक प्रतीकों के चित्र लगाए गए थे। तिरंगे रंगों के गुब्बारों एवं पुष्प सज्जा से सभागार को विशेष रूप दिया गया। अंत में आयोजक मंडल की ओर से सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ.अरुण मेहरोत्रा, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, ईश्वरीय विद्यालय की ललिता, आशुतोष मिश्रा, लल्लू राम गुप्ता, शिवसिंह राठौर, सुरेश शास्त्री, अतुल बडेरिया, प्रदीप गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, अवधेश सिंह, लक्ष्मीकान्त दुबे, गुड्डू मिश्रा, मोहन शुक्ला, मन्टू विश्नोई, प्रीति सिंह, सचिन त्रिपाठी आशुतोष तिवारी, राकेश यादव, अमरीश सभासद सहित भारी संख्या में पुरुष व महिलाएं मौजूद रहीं।

### शिव बारात 15 फरवरी को निकलेगी

**जालौन।** महाशिवरात्रि के पर्व पर इस वर्ष नगर एक ऐतिहासिक और धार्मिक आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है। जय बाबा बर्फानी ग्रुप एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में नगर में पहली बार भव्य शिव बारात और शिव विवाह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

समाजसेवी दीपक मित्तल ने बताया कि महाशिवरात्रि भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह का प्रतीक पर्व है और इसी भाव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से महाशिवरात्रि के पर्व पर 15 फरवरी दिन रविवार को पूरे श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ नगर में पहली बार शिव बारात निकाली जाएगी। शिव बारात का शुभारंभ शाम चार बजे मनोहर लाल आयुर्वेदिक अस्पताल के पास स्थित बाजपेई मंदिर से किया जाएगा। यहां विधिवत पूजन-अर्चन के बाद भगवान शिव की बारात विभिन्न झांकियों के साथ नगर भ्रमण के लिए रवाना होगी। बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बड़ी माता मंदिर पहुंचेगी ।


महायज्ञ में आहुति देने पहुंचे आस्थावान। अमृत विचार

# राष्ट्र तभी सशक्त होगा जब इसकी जड़ें धर्म में दृढ़ होंगी

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र में सात फरवरी से श्री शिवशक्ति महायज्ञ एवं राजराजेश्वरी महाआराधना का आयोजन किया जा रहा है। यह 15 फरवरी तक चलेगा।

महायज्ञ का आयोजन पूर्वाम्नाय गोवर्धनमठ पुरी पीठाधीश्वर, जगद्गुरु स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ महाराज के पावन सान्निध्य में हो रहा है। उन्होंने बताया कि जब समाज धर्म से विमुख होता है, तब ऐसे महायज्ञ सनातन आत्मा को पुनर्जीवित करते हैं। उन्होंने कहा कि शिव चेतना और शक्ति उपासना के बिना जीवन अपूर्ण है और राष्ट्र तभी सशक्त होगा जब उसकी जड़ें धर्म में दृढ़ होंगी। आयोजन को लेकर संत समाज, विद्वान आचार्य और हजारों श्रद्धालुओं में उत्साह है। कार्यक्रम में सांसद कृष्णा पटेल, उनके पति पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल, पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा आदि पहुंचे।

### कुत्तों के आश्रय स्थल के लिये जगह की तलाश

**कालपी जालौन।** अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो नगर की जनता को आवारा कुत्तों के आतंक से निजात मिल जाएगी। शासन ने इनके लिए आश्रय स्थल बनाने की कवायद शुरू की है, जिसके निर्माण के लिए जगह की भी तलाश शुरू हो गई है।

प्रदेश सरकार द्वारा सभी नगर निकायों में श्वान आश्रय स्थल बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसके तहत नगर पालिका परिषद कालपी तथा नगर पंचायत कदौरा में भी आवारा कुत्तों के लिए आश्रय स्थल का निर्माण किया जाना है। एसडीएम मनोज कुमार सिंह के अनुसार इसके निर्माण के लिए शासन ने लगभग एक हेक्टेयर भूमि मांगी है, जिसके चलते कदौरा नगर पंचायत क्षेत्र में इस योजना के लिए मुहल्ला बम्हौरी में जगह का चयन किया गया है। हालांकि कालपी में अभी उपयुक्त जमीन नहीं मिली है लेकिन तलाश की जा रही है। शीघ्र ही श्वान आश्रय स्थल के लिए जगह उपलब्ध करा दी जाएगी। अगर योजना परवान चढ़ी तो नगर की जनता को भी आवारा कुत्तों के आतंक से मुक्ति मिल जाएगी।


खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि। अमृत विचार

# सागर इलेवन कोंच ने जीता मैच

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** जेपीएल सीजन तीन का दूसरा मैच प्रभाकर एकेडमी उरई और सागर इलेवन कोंच के बीच खेला गया। जिसमें प्रभाकर एकेडमी उरई ने 112 रनों से जीत दर्ज की।

जालौन प्रीमियर लीग तीसरे सीजन का दूसरा मैच रविवार को छत्रसाल मैदान पर प्रभाकर एकेडमी उरई और सागर इलेवन कोंच के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरे प्रभाकर एकेडमी उरई के बल्लेबाजों ने शुरू से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी। सलामी बल्लेबाज अंकुर यादव ने 33 गेंदों में 42 रन बनाए। कप्तान श्रीकांत ने भी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 33 गेंदों में 49 रनों की शानदार पारी खेली। अभिषेक यादव ने 42 रन बनाए। अवी ने 37 रन बनाए। अजय यादव ने 17 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 23 रन बनाकर टीम का स्कोर पांच विकेट पर 207 रनों तक पहुंचाया। सागर इलेवन कोंच की ओर से कप्तान व गेंदबाज मानस मिश्रा ने चार ओवरों में 50 रन देकर चार विकेट चटकाए। दूसरी पारी में खेलने उतरे सागर इलेवन कोंच के बल्लेबाज दबाव में नजर आए। टीम के सलामी बल्लेबाज वेद शर्मा ने कुछ संघर्ष किया। उन्होंने 13 गेंदों में छह चौकों की मदद से 27 रन बनाए। डैनी ने 13 गेंदों में 14 रन बनाए। टीम के बाकी बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर आते जाते रहे। पूरी टीम 13.3 ओवर में 95 रनों पर आउट हो गई। प्रभाकर एकेडमी उरई के गेंदबाज अभिषेक यादव ने 3.3 ओवर में 14 रन देकर चार विकेट झटके। रजत यादव ने तीन ओवर में 15 रन देकर दो विकेट झटके।

दुखद — आज निर्माणाधीन आश्रम में दी जाएगी समाधि

# धारकुंडी के महाराज के अंतिम दर्शन को उमड़े लोग

संवाददाता, मानिकपुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** महान संत और धारकुंडी आश्रम के संस्थापक परमहंस स्वामी सच्चिदानंद महाराज का पार्थिव शरीर रविवार दोपहर उनके आश्रम पहुंचा। यहां पर पहले से ही मौजूद हजारों की संख्या में उनके श्रद्धालुओं और अनुयायियों की भीड़ ने उनके दर्शन किए। इस दौरान पूरा क्षेत्र स्वामी जी अमर रहें के उद्घोष से गूंजता रहा। सोमवार को उनके निर्माणाधीन आश्रम परिसर में उन्हें समाधि दी जाएगी।

स्वामी सच्चिदानंद महाराज मुंबई के एक अस्पताल में शनिवार सुबह ब्रह्मलीन हो गए थे। महाप्रयाण के समय उनकी आयु 102 वर्ष थी। उनका पार्थिव शरीर बदलापुर आश्रम से रविवार अपराह्न धारकुंडी आश्रम पहुंचा। सड़क मार्ग से कई वाहनों का काफिला यहां आया। जैसे ही पार्थिव शरीर आश्रम पहुंचा, लोग भावुक हो गए और स्वामी जी अमर रहें के उद्घोष से वातावरण गूंजने लगा। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल आदि जनप्रतिनिधि और अधिकारी, उनके अंतिम दर्शन को मौजूद रहे। सोमवार को उनके निर्माणाधीन आश्रम में उन्हें समाधि दी जाएगी।

मानिकपुर से लगभग 30 किमी दूर मप्र सीमा पर स्थित घने जंगलों के बीच स्थित धारकुंडी आश्रम को साधना का प्रमुख केंद्र माना जाता है। स्वामी जी ने 22 नवंबर 1956 को अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन स्वामी परमानंद महाराज के आशीर्वाद से इस आश्रम की स्थापना की थी। कहा तो यहां तक जाता है कि उस समय जब क्षेत्र में बिजली नहीं थी, तब आश्रम में बहते स्वच्छ जल से ऊर्जा उत्पन्न कर बिजली का प्रयोग किया गया। क्षेत्र में स्वामीजी की आध्यात्मिक शक्तियों की चर्चा की जाती है। बताते हैं कि कभी-कभी वन्य जीव भी आश्रम तक आ जाते थे लेकिन उनके सान्निध्य में कभी हिंसा नहीं हुई। सेवादार राजकरण बाबा और अन्य लोग बताते हैं कि निर्जन वन में जिस गुफा में स्वामीजी ने अपनी साधना की, वहां खूंखार शेर रहता था, जिसने उनके आने पर वह गुफा छोड़ दी थी।

### सच्चिदानंद महाराज ने कई ग्रंथों की रचना की

- महान संत सच्चिदानंद महाराज ने कई ग्रंथों की रचना की। इनमें 'मानस बोध', 'गीता बोध' जैसे ग्रंथ शामिल हैं। 22 नवंबर 1956 को अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन स्वामी परमानंद जी के आशीर्वाद से घने विंध्य जंगलों में धारकुंडी आश्रम की स्थापना की। यहां उन्होंने कठोर साधना की। तब से यह आश्रम साधना, सेवा और आध्यात्मिक जागरण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

### युवक को बेल्ट से पीटकर किया घायल

**जालौन।** साथी के साथ बैठने से नराज होकर एक युवक ने दूसरे युवक की पिटाई कर दी। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खंडेराव निवासी दीपक ने पुलिस को बताया कि रविवार की दोपहर वह अपने साथी रामू के साथ उसके घर के बाहर बैठकर बातचीत कर रहा था। तभी वहां मोहल्ले का ही एक युवक आया और उसके बैठने पर आपत्ति जताने लगा। जब उसने कारण पूछा तो गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर बेल्टों से पिटाई कर दी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग बचाने के लिए आए तो जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बीएसए के मुआयने में बंद मिला स्कूल, प्रधानाध्यापक निलंबित

संवाददाता, मानिकपुर चित्रकूट

- अन्य स्कूलों में भी मिली लापरवाही, रोका गया वेतन

**अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने ब्लाक के चार स्कूलों का मुआयना किया। वहीं लापरवाही के चलते एक प्रधानाध्यापक को निलंबित किया गया। साथ ही दो स्कूलों के शिक्षकों का एक माह का वेतन रोकने की कार्रवाई की गई।

बीएसए ने शनिवार को कंपोजिट विद्यालय जारोमाफी का औचक मुआयना किया। यहां सहायक अध्यापक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक नथेंद्र कुमार द्विवेदी मेडिकल अवकाश पर हैं पर वह इस संबंध में पुष्ट जानकारी नहीं दे सके। विद्यालय में 206 बच्चों के सापेक्ष 74 ही उपस्थित मिले। एमडीएम पंजिका में लाभार्थी संख्या दर्ज नहीं थी। इस पर बीएसए ने प्रभारी प्रधानाध्यापक का एक माह का वेतन रोकने के आदेश दिए और तीन दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। उच्च प्राथमिक विद्यालय करौंहा निरीक्षण के समय बंद मिला। इस पर प्रधानाध्यापक कुंजबिहारी तिवारी को छोड़कर बाकी स्टाफ का एक माह का वेतन-मानदेय रोकने और स्पष्टीकरण देने के आदेश जारी किए गए। बीएसए ने बताया कि प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया है।

प्राथमिक विद्यालय करौंहा भी निरीक्षण के दौरान बंद मिला। इस पर यहां भी स्टाफ का वेतन-मानदेय रोकने के आदेश दिए गए। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं। बीएसए ने सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को अपना पदीय दायित्व निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए।

